आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112



■ रायपुर, शुक्रवार 17 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-228 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.


# मतदान केंद्रों में लंबी कतार



**मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साह**
**ग्रामीण क्षेत्रों में कर्ज माफी का असर**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 17 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण हेतु 22 जिलों के 70 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान को लेकर अभूतपूर्व उत्साह मतदाताओं में देखा गया। इसके साथ ही अब प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में कैद हो गए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार द्वितीय चरण में कुल अभ्यर्थी 958 हैं। इनमें से 827 पुरुष, 130 महिलाएं व 1 थर्ड जेंडर हैं। बिन्द्रावनवागढ़ क्षेत्र के 9 मतदान केंद्रों में प्रातः सात बजे से मतदान शुरू हो गया था। अधिकारियों के अनुसार मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया।

## रायपुर जिले में युवा मतदाता सबसे आगे

रायपुर जिले के अंतर्गत रायपुर शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों में युवाओं में काफी जोश देखा गया। पहली बार मतदान कर रहे युवा सुबह 8 बजे से पूर्व मतदान केंद्रों में पहुंच गए थे। रायपुर पश्चिम के अंतर्गत चौबे कालोनी के मतदान केंद्र क्रमांक 226 में राजेश मूणत ने मतदान किया। यहां पर आठ से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं इन सभी में चौबे व समता कालोनी, गीतानगर तथा उछलातालाब के लोगों ने मतदान किया। भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत और कांग्रेस के विकास उपाध्याय विभिन्न मतदान केंद्रों में जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेते रहे। मतदान केंद्र के 100 मीटर बाहर पार्टी के पंडाल में मतदाता सूची लेकर कार्यकर्ता सरल क्रमांक तथा मतदान केंद्र बताते रहे। कई मतदाताओं का नाम नहीं जुड़ पाने के कारण वे इधर-उधर भटकते रहे। आरडी तिवारी स्कूल, रामनगर, गोंदवारा, कोटा व सरोना क्षेत्र में भी कार्यकर्ता मतदाताओं को ई-रिक्शा व ऑटो से दिनभर लाते रहे। पुरानी बस्ती के सरस्वती स्कूल में मतदाताओं की भारी भीड़ लगी रही। यहां सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। टिकरापारा, महामाया वार्ड, सिविल लाईन तथा नेहरू नगर में भी वोट डलवाने के लिए कार्यकर्ता सक्रिय रहे। भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल अपने समर्थकों के साथ घूम-घूमकर मतदान का प्रतिशत जानते रहे। उत्तर विधानसभा क्षेत्र में पुरंदर मिश्रा और कुलदीप जुनेजा घरों से मतदाताओं को निकालने के लिए सक्रिय देखे गए। जवाहर नगर, देवेन्द्र नगर तथा तेलीबांधा में मतदान करने के लिए लोगों में जोश देखा गया। कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे तथा एसपी प्रशांत अग्रवाल ने आज विभिन्न स्थानों में जाकर मतदान की जानकारी ली। ईवीएम व वीवीपैट में कोई तकनीकी खराब नहीं आई। सेक्टर प्रभारी वस्तुस्थिति की जानकारी लेते रहे।




**राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने पत्नी के साथ किया मतदान**

## महासमुंद जिले में कर्ज माफी का असर

महासमुंद जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता बड़ी संख्या में मतदान करने आ रहे हैं। सरायपाली में दोपहर एक बजे तक 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका है। यहां पर सरला कोसरिया और कांग्रेस की चातुरी नंद के बीच मुकाबला है। महासमुंद में रश्मि चंद्राकर कांग्रेस और भाजपा के रवि सिन्हा तथा बागबाहरा में कांग्रेस के द्वारिका यादव तथा भाजपा नेत्री के बीच मुकाबला है। जशपुर जिले में वयोवृद्ध कांग्रेस नेता रामपुकार सिंह का सांसद गोमती साय से मुकाबला है। अंबिकापुर में उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। सीतापुर में कांग्रेस का दबदबा रहा है। यहां पर कांग्रेस आजादी के बाद से जीतती आ रही है। सरगुजा संभाग में 14 सीट हैं। मनेन्द्रगढ़ और कोरिया जिले में भी कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला है। दुर्ग जिले में कुल 12 विधानसभा क्षेत्र हैं। कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, अनिला भेड़िया तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रतिष्ठा भी दांव में लगी हुई है।

## रीना बाबा साहेब कंगाले ने किया मतदान

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने धरमपुरा मतदान केंद्र में परिवारजनों के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया




**तस्वीरों में मतदान**






*रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अपने मतदान करने कुरूदडीह पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी लंबी लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया।*



## वोट देने लाइन में खड़ी महिला की मौत

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का 70 सीटों में मतदान जारी है. इस बीच बलौदाबाजार जिले से बड़ी खबर सामने आई है. वोट देने के लिए मतदान केंद्र पहुंची महिला की अचानक मौत हो गई है. यह मामला कसडोल थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, कसडोल विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 76 ग्राम मल्दा में वोट देने लाइन में खड़ी महिला की अचानक मौत हो गई है.

## नहाय-खाय के साथ आज से छठ पूजा शुरू

**रायपुर,17 नवंबर।** आज यानी 17 नवंबर से लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू से हो रहा है। इस पर्व का समापन 20 नवंबर को होगा। चार दिनों तक चलने वाले छठ पूजा के पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उषा अर्घ्य देते हुए समापन होता है। छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस पर्व में आस्था रखने वाले लोग सालभर इसका इंतजार करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि छठ का व्रत संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता, सुख-समृद्धि और उसकी दीर्घायु के लिए किया जाता है।

## एक ऐसा मतदान केंद्र जहां बाघ, भालू, चीतल ने किया वोटर्स का स्वागत

**गरियाबंद,17 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज 8 बजे से शुरू हो गया है. निर्वाचन आयोग ने जगह-जगह आदर्श मतदान केंद्र और और वन्य प्राणियों के थीम पर सजाया गया है. यहां आने वाले मतदाता को बाघ भालू हिरन समेत अन्य वन्य प्राणियों के भेष भूषा में सजे लोग स्वागत करेंगे,तीर कमान लेकर मौजूद



संगवारी मतदान केंद्र भी बनाया है. जिसे अलग-अलग थीम में सजाया गया है. वहीं गरियाबंद जिले के नगरी विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 151 को अभ्यारण प्रशासन ने मॉडल बूथ बनाया है. जो आकर्षण का भी केंद्र रहने वाला है. मतदान केंद्र उदंती सीता नदी अभ्यारण के भीतर नगरी विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 151 को अभ्यारण प्रशासन ने मोडल बूथ बनाया है. इसे वन वासी जनजाति के वेश भूषा में भी गेट पर स्वागत करते वन कर्मी मौजूद हैं.सेल्फी प्वाइंट की भी व्यवस्था की गई है.वन भ्रमण कराने वाले टेक्सी और हरे बांस से बने झोपड़ी भी मौजूद हैं. अभ्यारण्य के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि मतदान के दरम्यान वेटिंग पर लगे लोग तीरंदाजी में भी हाथ आजमा सकते हैं. सफारी जिप्सी, इकोहट, कयाकिंग का भी बंदो बस्त किया गया है.

# भारत-आस्ट्रेलिया टी-20 मैच होगा रायपुर में

**रायपुर,17 नवंबर।** रायपुरियंस के लिए एक अच्छी खबर है. खबर ये है कि अब उन्हें अपने शहर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियममें एक और इंटरनेशनल मैच देखने को मिलेगा. बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला की सार्थक पहल पर ये संभव हो गया है और यहां भारत-आस्ट्रेलिया टी-20 मैच होने को लेकर बीसीसीआई ने आधिकारिक पुष्टि भी कर दी है. बता दें कि ज्ञ20 का ये मैच भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 1 दिसंबर को खेला जाएगा. ये मुकाबला पहले नागपुर में होने वाला था. छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव मुकुल तिवारी ने बताया कि 1 दिसंबर को नागपुर में होने वाला मैच अब रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा. इसको लेकर हमने तैयारी शुरू कर दी है. वहीं इसी सीरीज का एक मैच जो हैदराबाद में खेला जाने वाला था वह अब बेंगलुरु में होगा, इसकी भी आधिकारिक पुष्टि हो गई है. यह सीरिज 23 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच भारत में होगी. इंटरनेशनल मैच की बात करें तो



इससे पहले इस ग्राउंड में इंडिया-न्यूजीलैंड का टी-20 मैच हो चुका है. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां और अंतिम टी20 मैच हैदराबाद में खेला जाना था. हालांकि, हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने पुष्टि की है कि तेलंगाना सरकार विधानसभा चुनाव की मतगणना के चलते उस दिन मैच के लिए सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं है. जिसके बाद इस मैच को बेंगलुरु में कराया जाएगा. बता दें कि इस मैच के लिए कटक भी दावेदारी में था, लेकिन कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ पसंदीदा विकल्प हो सकता है.

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, गुजरात (1.10 लाख) और ईडन गार्डन, कोलकाता (68 हजार) के बाद भारत का तीसरा बड़ा क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम है. इसे भारत के सबसे खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियमों में से एक माना जाता है, जिसमें खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं. इस स्टेडियम में 65,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता है. रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह मैदान में साल 2013 में आईपीएल के दो मैच खेले गए थे. इसके अलावा साल 2015 में दूसरी बार यहां आईपीएल व 2016 में घरेलू रणजी ट्राफी के मैच खेले गए थे. इसके अलावा मुश्ताक अली टी-20 और टी-20 चैलेंजर ट्राफी के मैच भी खेले गए हैं.

## एक नजर




**साजा, 17नवंबर।** साजा में महिलाओ ने किया सुबह सुबह मतदान।




### रेसुब ने ढाई लाख का गांजा किया जब्त

**भिलाई, 17 नवंबर।** भिलाई रेसुब पोस्ट दुर्ग की टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाई में गांजा एवं ढाई लाख रुपए को जब्त किया है स्टेशन स्थित माल धक्का के पास लावारिस हालत में पड़े मिले एक बैग से 10 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है जब्त किए गए गांजा की कीमत लगभग 2 लाख रुपए आकी गई है रेलवे सुरक्षा बल एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई कर जांच कर रही है एक व्यक्ति को स्टेशन के प्लेटफार्म पर ढाई लाख रुपए बैग में ले जाते हुए टीम ने पकड़ा है रेसुब पोस्ट प्रभारी एस के सिन्हा दुर्ग के साथ मंडल टास्क टीम दुर्ग, एसआईबी दुर्ग छत्तीसगढ़ चुनाव के मद्देनजर रेलवे स्टेशन दुर्ग में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबीर सूचना पर रेलवे स्टेशन दुर्ग के माल धक्का पानी टंकी के पास एक ग्रे रंग का ट्रॉली बैग मुखबीर के बताए आधार पर लावारिस अवस्था में पड़ा मिला जिसे चेक करने पर कुल 10 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख रुपए है एनडीपीएस एक्ट के तहत् विधिवत कार्रवाई कर जप्त शुदा मादक पदार्थ गांजा सहित संपूर्ण कागजात के साथ शासकीय रेल पुलिस चौकी दुर्ग को अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया गया इसी तरह प्लेटफार्म नंबर एक पर एक व्यक्ति काले रंग के बैग में ढाई लाख रुपए नगद रखकर ले जा रहा था प्लेटफार्म नंबर एक पर चेकिंग के दौरान टीम ने उस व्यक्ति को रोक कर रकम के संबंध में पूछताछ की कोई वैध कागजात नहीं होने पर एफएसटी दल प्रभारी विश्वनाथ शर्मा को सूचना देकर बुलाया गया एवं रकम को जब्त किया गया।

### पुलिस ने घर से पांच पेटी शराब जब्त की

**भिलाई, 17 नवंबर।** भिलाई शराब की सरकारी दुकान से शराब खरीदकर ब्लैक में बेचने के लिए पर ले गया। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी बद्रीनाथ आचारी को पकड़ लिया जब उसके घर की तलाशी ली गई तो 5 पेटी शराब मिला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया भिलाई तीन टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि चरोदा वस्ती निवासी आरोपी बद्रीनाथ आचारी उर्फ टिक्की (44 वर्ष) शराब दुकान के पास चखना दुकान चलाता है। चुनाव की वजह से दो दिन दुकान बद रहेगी इस कारण उसने एक पौवा के पीछे 5 रुपए प्राफिट देकर शराब की सरकारी दुकान से 5 पेटी शराब खरीदा उसकी रणनीति थी कि उसे ब्लैक में थेयेगा इसके पहले पुलिस को उसकी जानकारी लग गई पुलिस ने मौके पर दबिश दी। करीब 30 हजार कीमत की शराब को उसके पास से बरामद किया सरकारी दुकान से खरीदा शराब पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने सरकारी दुकान से ही शराब की खरीदी की। दुकान पर बैठा गद्दीदार एक पौवा पर 5 रुपए अधिक कमीशन लेकर पेटी-पेटी शराब दे रहा है ।

### युवक पर कटार से जानलेवा हमला

**भिलाई, 17 नवंबर।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र सिगरेट पीकर मुंह पर धुआं छोड़ने से मना करने पर दो आरोपितों ने युवक के गले पर कटर से जानलेवा हमला कर दिया पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है उतई पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा के तहत कार्रवाई की है उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम पुरई निवासी आरोपित शुभम सेन और उसके बुआ के बेटे ने गांव में रहने वाले ठाकुर राम यादव नाम पर कटर से जानलेवा हमला किया पीड़ित ठाकुर राम यादव रात को अपने दोस्त धनेश्वर यादव के साथ गांव के आशीष किराना दुकान के पास खड़ा था रात में करीब साढ़े सात बजे दोनों आरोपित वहां पहुंचे और दोनों सिगरेट पीने लगे आरोपित शुभम सेन ने पीड़ित के मुंह के तरफ सिगरेट का धुआं छोड़ा तो उसने इस पर आपत्ति की इस बात पर दोनों आरोपितों ने विवाद शुरू कर दिया इसके बाद आरोपित शुभम सेन ने पीड़ित को पीछे से पकड़ लिया और उसके बुआ के बेटे ने अपने पास से कटर निकालकर उसके गले पर मार दिया पीड़ित के दोस्त धनेश्वर यादव ने बीच-बचाव किया और पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया इसके बाद धनेश्वर यादव ने ही पुलिस को जानकारी दी उतई थाना क्षेत्र के पुरई की घटना, एफआइआर दर्ज उतई पुलिस ने दोनों आरोपितों को किया गिरफ्तार

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**भिलाई, 17 नवंबर।** भिलाई अंजोर चौकी क्षेत्र रात घर से लापता युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है अंजोरा चौकी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है ग्राम खपरी निवासी संदीप ठाकुर ( 28 ) ने गांव के रेवा बाड़ी में बबूल के पेड़ से फांसी लगा ली वह रात को 11ः30 बजे घर से निकला था और वापस नहीं लौटा था अगले दिन रेवा बाड़ी में उसकी लाश पेड़ से लटकी मिली परिवार वालों से की गई पूछताछ में अब तक कोई भी स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है ।

### मानव संसाधन विकास केंद्र के सभागार में

# बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय ने मनाया विश्व मधुमेह दिवस



भिलाई, 17 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केन्द्र द्वारा, संयंत्र के मानव संसाधन विकास केन्द्र के सभागार में ÷विश्व मधुमेह दिवस÷ मनाया गया। यह हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है। यह कार्यक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र बिरादरी के सदस्यों के लिए, स्वास्थ्य के प्रति मधुमेह के निवारक पहलुओं के बारे में जागरूकता पैदा करने और नियमित उपचार का पालन करके मधुमेह को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें मधुमेह से सम्बंधित विभिन्न चरणों एवं स्थितियों की बेहतर रोकथाम, निदान और गंभीर परिस्थितियों से निपटने के लिए सामूहिक व व्यक्तिगत रूप से क्या करने की आवश्यकता है यह बताया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने कहा कि मधुमेह एक लाइफ स्टाइल डिसीस है, जो संतुलित आहार और जीवनशैली से नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ एम रविन्द्रनाथ ने कहा कि वर्तमान में मधुमेह का सबसे बड़ा कारण, हमारा वेस्टर्नाइज़ेशन जीवनशैली को अपनाना, शारीरिक गतिविधियों से दूर रहना आदि है। मधुमेह सिर्फ एक रोग तक सिमित नहीं है अपितु इससे आगे चल के सारे ऑर्गन भी खराब हो सकते है और हार्टअटैक, पैरालिसिस, ब्रेन डेड आदि होने का खतरा बढ़ जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके द्वारा, मधुमेह के साथ स्वस्थ जीवन पर आधारित एक प्रस्तुतीकरण दी गई। जिसमें, मधुमेह हेतु आवश्यक टेस्ट, दवाओं और नियमित उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम के द्वारा लोगों में मधुमेह से संबंधित महत्वपूर्ण व आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। मधुमेह के निवारक और उपचारात्मक पहलू को उजागर किया गया। उचित आहार, व्यायाम और अन्य दवाओं के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया था। इसके साथ ही जागरूकता हेतु अस्पताल के डायबिटिक सेक्शन द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी, संतुलित आहार की प्रदर्शनी, योग, ब्लड टेस्ट तथा फूट केयर के स्टाल लगाये गए थे। विभिन्न पारंपरिक स्वस्थवर्धक खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया गया जिसमे, मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति हेतु मधुमेह पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए इन आहारों का सेवन भी किया जा सकता है। जनरल मेडिसीन विभाग द्वारा डॉ प्रमोद बिनायके के प्रस्तुतीकरण और डॉ सौरव मुखर्जी के संचालन के साथ इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों, अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियनों, डीएनबी डॉक्टरों सहित कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## गऊ-पूजा के साथ स्कन्द षष्ठी महोत्सव का शुभारंभ

**भिलाई, 17 नवंबर।** कन्द आश्रम हुडको में स्कन्द षष्ठी महोत्सव 2023 के तहत प्रथम दिन गऊ-पूजा के साथ महासंकल्प, कलश स्थापना, सर्व देवता का आह्वान प्रातः किया गया । तत्पश्चात कार्यक्षेत्र मे निर्विघ्नता एवं उच्च स्तरीय व्यापार में वृद्धि एवं सौभाग्य प्राप्ति हेतु चिंतामणि गणपति हवन हुआ 7 तत्पश्चात स्थलशुद्धि, भूमि अचल संपति प्राप्ति हेतु प्रसात वास्तु शांति हवन हुआ 7 इस अवसर पर आचार्य शिवमणि की मूर्ति स्थापना मंदिर में विधिवत पूजा कर स्थापित की गयी। इसके बाद नवग्रह दोष निवृति, मन की शांति अंतर्दशा मुक्ति ऋण विमोचन, कारावास मे राहत हेतु नवग्रह हवन हुआ। अपमृत्युदोष निवृति सभी पुरानी बीमारियो से राहत और मृत्युभय से निवृति हेतु महामृत्युंजय हवन हुआ। तत्पश्चात पूर्णाहुति दीप आराधना के पश्चयात सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया। पहले दिन संध्या का समारोह श्री मेधादक्षिणामूर्ति हवन हुआ जो विद्या प्राप्ति पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करना याददस्त मे सुधार उच्चअध्यन की इकछा को आसानी सा पूर्ण करने हेतु सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात पुत्र प्राप्ति वंशवृद्धि गर्भ दोष निवृति हेतु श्री संतानगोपाल हवन हुआ। इसके बात दृष्टि

अपचार दोष निवृति बुराई नकारात्मक विनाशकरी अंधरेवालो के भय निवारण श्री सुबमेसवारा हवन हुआ पूर्णाहुति दीप आराधना के पश्चयात सभी भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। 17 नवम्बर प्रातः श्री लक्ष्मी गणपती हवन पश्चात श्री शुक्त हवन, श्री सुदराशन हवन एवं शुदर्शन हवन होगा संध्या मे श्री नवचंडीप्रयाणम हवन एवं वसुंधरा हवन होगा ।

### तांदुला जलाशय की थीम पर स्थापित आदर्श मतदान केंद्र बना आकर्षण का केंद्र

**बालोद, 17 नवंबर ।** बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रसिद्ध तांदुला जलाशय के थीम पर शासकीय प्राथमिक शाला भवन झलमला में स्थापित किए गए आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 79 लोगों में खासा आकर्षण का केंद्र बन गया है।

उल्लेखनीय है कि इस आदर्श मतदान केंद्र में तांदुला जलाशय के गेट, नहर-नाली, जलाशय में जल भराव इत्यादि को बहुत ही आकर्षक एवं सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा मतदान केंद्र परिसर में तांदुला जलाशय की थीम पर बेहतरीन सेल्फी जोन का भी निर्माण किया गया है।



**अहिवारा।** अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के मुख्य चुनाव संचालक पूर्व साडाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनिता अग्रवाल के साथ किया मतदान।



### विधायक देवेंद्र यादव ने किया मतदान

भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 60 बूथ क्रमांक 56 के मतदान केंद्र में वोट डाला ।


## भिलाई-दुर्ग में मतदान के प्रति भारी उत्साह







**भिलाई, 17 नवंबर।** राज्य विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण चरण में मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से प्रारम्भ हो गयी। सुबह से ही मतदाता घरों से निकलने लगे और मतदान के प्रति अच्छी रुझान रही। बुजुर्गों और महिलाओं के साथ ही दिव्यांगजन भी उत्साह के साथ मतदान के लिए निकले। जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों को देखें तो प्रातः 9 बजे तक 5.49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पाटन में 5.78, दुर्ग ग्रामीण में 7.25, दुर्ग शहर में 3.65, भिलाई नगर में 5.85 वैशाली नगर में 3.75 और अहिवारा में 6.91 मतदान का प्रतिशत रहा। दूसरे राउंड में सुबह 11 बजे तक 18.88 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पाटन में 21.67, दुर्ग ग्रामीण में 20.97, दुर्ग शहर में 17.62, भिलाई नगर में 18.71 वैशाली नगर में 15.03 और अहिवारा में 19.75 मतदान का प्रतिशत रहा। वैशाली नगर विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर ने वार्ड 4 नेहरू नगर सरस्वती शिशु मंदिर में सुबह 9 बजे बूथ क्रमांक 31 में मतदान किया। वहीं पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के चेहरों पर उत्साह की झलक है।



### प्रेमप्रकाश पांडेय ने किया मतदान

छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं भिलाईनगर से बीजेपी प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पांडेय ने आज सुबह अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने लोगों से मतदान की अपील भी की।

## बंदी अभिषेक झा जिला अस्पताल से हा गया फरार

**भिलाई, 17 नवंबर।** भिलाई दुर्ग सेंट्रल जेल में निरुद्ध बंदी अभिषेक झा उर्फ अनुपम जिला अस्पताल से फरार हो गया लीवर की बीमारी की कार जेल के डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किए थे, जहां शौच का बहाना कर भागने में कामयाब रहा मामले में पुलिस खोजबीन कर रही है दुर्ग सेंट्रल जेल अधीक्षक अभिषेक राय ने बताया कि बंदी अभिषेक झा उर्फ अनुपम का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था।दरअसल उसे लीवर की बीमारी थी जेल के डॉक्टरों ने अच्छे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा था। उसकी सुरक्षा में दो कांस्टेबल को



तैनात किया गया, लेकिन बीती रात वह शौच के बहाने निकाल और जिला अस्पताल से भाग गया। मामले



में कोतवाली थाने में शिकायत की गई है। जल्द ही बंदी अनुपम को गिरफ्तार कर लिया जाएगा ज्वेलरी दुकान में किया था डकैतीपुलिस के मुताबिक अनुपम झा मूलत बिहार का रहने वाला है। वह रायपुर में रहता था। अक्टूबर 2022 में उसने अपने तीन साथियों के साथ अमलेश्वर की समृद्धि ज्वेलरी दुकान संचालक की हत्या कर डकैती किया। क्षेत्र को दहला देने वाली घटना में पुलिस ने अनुपम समेत 3 को गिरफ्तार किया था। तब से जेल में निरुद्ध रहा। पूर्व में भी रायपुर में लूट की घटना को अंजाम दिया था। उसे मामले में पेशी के दौरान फरार हो गया था फेरार रहते हुए मास्टरमाइंड अनुपम झा ने अमलेश्वर ज्वेलर्स दुकान में वारदात को अंजाम दिया था

### दोपहर तक 36 प्रतिशत मतदान

**भिलाई, 17 नवंबर।** तीसरे राउंड में दोपहर 1 बजे तक 36.19 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पाटन में 42.96, दुर्ग ग्रामीण में 37.12, दुर्ग शहर में 32.09, भिलाई नगर में 34.06 वैशाली नगर में 31.06 और अहिवारा में 39.89 मतदान का प्रतिशत रहा।

### पहली बार नई जिम्मेदारी मिलने से उत्साहित है युवा कर्मी

**बिलासपुर, 17 नवंबर ।** जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिम्मेदारी मिलने पर युवा कर्मी उत्साहित है। 06 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 17 नवम्बर को होने वाले निर्वाचन हेतु आज कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण कर मतदान केन्द्रों की ओर रवाना किया गया। इनमें युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों में युवाओं की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान सामग्री लेने के बाद युवाओं में अपने अनुभव साझा किये। युवा मतदान कर्मी के तौर पर कार्य करने के इस अवसर को युवा मतदान कर्मियों ने अपने लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं महत्वपूर्ण बताया। सभी ने कहा कि हम पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर निर्वाचन के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता देंगे। युवा मतदान कर्मियों इस महती जिम्मेदारी को स्वयं के लिए गौरव का क्षण बताया।

### जिला प्रशासन ने किया इन्कोर एप्लीकेशन का निर्माण

**गरियाबंद, 17 नवंबर ।** भारत निर्वाचन आयोग को मतदान दिवस के दिन सभी जिले से विधानसभावार प्रत्येक 2-2 घंटे में मतदान की अनुमानित जानकारी इन्कोर एप्लीकेशन के माध्यम से देना पड़ता है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा केवल आधे घंटे का समय दिया जाता है। इस कार्य के लिए जिला प्रशासन को बहुत सारे मैनपावर फील्ड से जानकारी कलेक्ट करने के लिए लगानी पड़ती है एवं सभी मतदान केंद्र की जानकारी कंपाइल करना होता है ताकि प्रत्येक मतदान केंद्र से 2-2 घंटे की जानकारी प्राप्त कर निर्वाचन आयोग को इन्कोर एप्लीकेशन के माध्यम से भेजी जा सके।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में इस बार जिला प्रशासन ने नवाचार करते हुए एनआईसी गरियाबंद के उप निदेशक श्री नेहरू निराला के द्वारा इन्कोर एप्लीकेशन का निर्माण किया गया है। जिसमें सभी सेक्टर अधिकारियों को यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्रदाय किया गया है।

### कलेक्टर ने कामता प्रसाद अम्बेडकर को किया निलंबित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, 17 नवंबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने वाले कामता प्रसाद अम्बेडकर को निलंबित किया है। कर्मचारी कामता प्रसाद अम्बेडकर सचिव ग्राम पंचायत कौवाताल द्वारा निर्वाचन संबंधी सौंपे गए दायित्व का निर्वहन नहीं किया गया तथा मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, जिसके फलस्वरूप, निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने उनको तत्काल निलंबित किया। निलंबन अवधि में कामता प्रसाद अम्बेडकर को जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

## 32 संगवारी मतदान केन्द्रों में मतदान कराने की जिम्मेदारी महिलाओं के कंधे पर

**जांजगीर-चांपा, 16 नवंबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन कार्य में इस बार महिला सशक्तीकरण की झलक दिखाई देगी। जिले में विधानसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा, अकलतरा व पामगढ़ में 10-10 एवं जैजैपुर (आंशिक) व सक्ती (आंशिक) में 01-01 संगवारी मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इन 32 संगवारी मतदान केन्द्रों में मतदान कराने की जिम्मेदारी महिला अधिकारी निभाएंगी। 16 नवंबर को मतदान सामग्री लेने शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज जांजगीर के कैम्पस में पहुंची महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। संगवारी बूथों में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल में शामिल प्रत्येक सदस्य महिला ही होंगी। इन केंद्रों के लिए महिला अधिकारी व कर्मचारियों की विशेष व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने संगवारी मतदान केंद्रों के महिला मतदान कर्मियों को सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामना दी। सभी महिला मतदान कर्मी अपने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को लेकर बहुत ही प्रसन्नचित्त दिखे। महिलाओं ने कहा कि निश्चित रूप से संगवारी मतदान दल में जिम्मेदारी मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। वे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को लेकर बहुत ही प्रफुल्लित हैं।

### इन संगवारी बूथों में महिलाएं करायेंगी मतदान

जिले में 33 अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में 40 - चारपारा शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल भवन, 49 - बलौदा नगर पंचायत शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कक्ष क्रमांक 03, 51- बलौदा नगर पंचायत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बाजार पारा बलौदा, 112- पोंच शा.प्रा. स्कूल भवन पोंच, 123 जर्वे ब शा प्रा स्कूल भवन जर्वे ब कक्ष क्रमांक 01, 155- अकलतरा न पा प शा कन्या उमावि स्कूल भवन अकलतरा क्रमांक 03, 156 - अकलतरा न पा प शा कन्या उमावि स्कूल भवन कक्ष क्रमांक 04, 125 हरदी, शा उ मा वि स्कूल भवन कक्ष क्रमांक 01, 140- कटनई शा नवीन प्रा स्कूल भवन कटनई, 217 तरौद शा प्रा स्कूल भवन तरौद कक्ष क्र 01, 34 जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र में 58 चांपा न पा प शा प्रा शा बरपाली चांपा कक्ष क्र 02, 65-बिरगहनी च शा प्रा स्कूल भवन बिरगहनी कक्ष क्र 01, 83-जांजगीर-नैला न पा प गट्टानी शा कन्या उमावि जांजगीर कक्ष क्र 02, 103 जांजगीर-नैला न पा प शा जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय कक्ष क्र 01, 140- जर्वे च शापूमा स्कूल भवन जर्वे, 135 सुकली 1 शा प्रा स्कूल भवन सुकली कक्ष क्र 01, 147 पीथमपुर शा प्रा स्कूल भवन पीथमपुर कक्ष क्र 2, 207- नवागढ़ न प शाउमावि भवन नवागढ़ उत्तरी भाग कक्ष क्र 02, 209-रांछाभांठा शा नवीन प्रा स्कूल भवन रांछा भांठा नवागढ़ कक्ष क्र 2, 38 पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 चंडीपारा शापूमा स्कूल भवन चंडीपारा कक्ष क्र 1, 53-पामगढ़ शा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पामगढ़ कक्ष क्र 01, 130- राहौद नप शा प्रा शा भवन पकरिया पारा राहौद, 131 राहौद नप शापूमा राहौद, 114 कुकदा शा प्रा स्कूल भवन कुकदा, 117 बोरदा शाप्रा स्कूल भवन बोरदा, 160 खरौद नप शा पू मा शा सुकुल पारा खरौद कक्ष क्र 01, 161 खरौद नप शा पू मा शा सुकुल पारा खरौद कक्ष क्र 02, 178 शिवरीनारायण नप कार्यालय स्वर्गीय श्रीमती चन्द्रकिरण शर्मा शा कन्या पूमाशा शिवरीनारायण, 180 शिवरीनारायण नप कार्यालय शा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिन्दी माध्यम शिवरीनारायण, 35 सक्ती आंशिक विधानसभा क्षेत्र में 32 अफरीद देवी दीवान शा उमावि अफरीद कक्ष क्र 01, 37 जैजैपुर आंशिक विधानसभा क्षेत्र में 12 रोहदा शाप्रा स्कूल भवन रोहदा अतिरिक्त कक्ष में महिलाएं मतदान करायेंगी।

## संपादकीय


# जीत की ओर एक और कदम

विश्व कप क्रिकेट में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। सेमीफायनल में जीत का इंतजार भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को था। भारतीय टीम ने सेमीफायनल में न्यूजीलैंड का 70 रन से हराकर जीत की ओर एक कै कमद बढ़ा दिया है। विश्वकप जीतने के लिए भारत को एक मैच और जीतना है। इस जीत का भी भारतीय क्रिकेट प्रेमी बेसब्री से इंतजार कर रहे है। गुरुवार को दूसरा सेमीफाइनल आस्ट्रेलिया व दक्षिण अफ्रीका के बीच हुआ जिसमें आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को हरा दिया। अब भारत व आस्ट्रलिया के बीच फायनल होगा। लीग मैच में आस्ट्रलिया को भारत हरा चुका है, इसलिए जीत का विश्वास तो भारत में रहेगा ही। जहां तक सेमीफायनल की बात है तो भारतीय क्रिक्रेट प्रेमी भारतीय टीम के इतिहास को लेकर परेशाने थे क्योंकि लीग मैचों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद भारत कई बार सेमीफायनल में हार चुका है। इसलिए भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को डर भी था कहीं भारत अपने इतिहास के अनुसार सेमीफायनल में हार मत जाए। उस पर सामने वही टीम थी जिसने पिछले सेमीफाइनल में भारत तो हरा दिया था। भारतीत टीम ने टास जीतकर बैटिंग करने का फैसला किया। पिच बल्लेबाजों के अनुकूल थी और बल्लेबाजों ने बेहतरीन बल्लेबाजी की न्यूजीलैंट को 398 रन बनाने का बड़ा लक्ष्य दिया। यह विश्वकप में अब तक बड़ा स्कोर बताया जा रहा था। इतने बड़े स्कोर की बुनियाद हमेशा की तरह कैप्टन रोहित शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रखी। उन्होंने दस ओवर में जितन रन बनने चाहिए थे उससे ज्यादा रन बनाए और आने वाले बल्लेबाजों को लिए राह आसान की। इसका फायदा बाद के बल्लेबाजी ने भी उठाया। शुभमन गिल रिटारय हर्ट हुए नहीं तो वह भी सेमीफायनल में शतक बनाते। उनको आखिरी में बुलाया गया लेकिन वह शतक नहीं बना सके। विराट कोहली हमेशा की तरह भारतीय टीम की जीत को सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्कोर बनाने में सहयोग किया। वे शतक बनाकर आउट हुए। यह उनका वनडे में पचासवां शकत था, यह शतक बनाकर उन्होंने सचिव तेंदूलकर का रिकार्ड तोड़ कर नया रिकार्ड बनाया। विश्वकप का यह सेमीफायलन विराट कोहली के पचासवें शतक के लिए याद किया जाएगा। इतिहास में बताया जाएगा कि जब भारत को सेमीफाइनल जीतने के लिए बड़े स्कोर की जरूरत थी तो विराट कोहली ने पचासवां शतक लगाकर अविस्मरणीय सहयोग किया था। विराट कोहली ने शतक बनाकर जब स्टेडिमय में मौजूद सचिन तेंदुलक का अभिवादन किया तो यह दृश्य क्रिकेट जगत का एक अद्‌भुत दृश्य था, एक महान खिलाडी ने दूसरे महान खिलाड़ी का का रिकोर्ड तोड़ा और उसका अभिवादन भी किया। सचिन ने भी विराट कोहली की रिकोर्ड तोड़ने के लिए खूब तारीफ की। विश्वकप का सेमीफाइनल इसलिए भी याद किया जाएगा कि इस मैच में अय्यर ने भी शतक बनाया और शामी ने सात विकेट लेकर नया रिकार्ड बना दिया। विश्वकप में शामी ने सेमीफायनल में सात विकेट लेकर भारतीय टीम को जीत दिलाई। एक समय तो ऐसा लग रहा था कि न्यूजीलैंड की टीम 398 रन बना लेगी क्योंकि कोई भारतीय बालर उन पर कोई प्रभाव ही नहीं डाल पा रहा था। दो सौ से ज्यादा रन न्यूजीलैंड ने बना लिए थे। विकेट चार ही थे। न्यूजीलैंट ने 107 रन के भीरत छह विकेट गंवाएं इसमें से पांच विकेट शामी ने लिए। यानी न्यूजीलैंड के छह में से पांच खिलाड़ियों को सामी ने ही आउट किया। इस तरह जीत का श्रेय शामी को दिया गया वह मैन आफ द मैच रहे। शामी की भूमिका विश्वकप में इतनी अहम होगी यह तो शामी को भी पता नहीं था क्योंकि जब विश्व कप के लिए टीम चुनी गई थी तो 11 में शामी का नाम नहीं था और वही भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिला निबाह रहे हैं।

# क्या है तालिबानी सोच ?

## चिंतन
तनवीर जाफ़री

**लगभग सभी धर्मों के किसी न किसी वर्ग में पायी जाती है। क्या सभी तालिबानी सोच रखने वालों का इलाज 'बजरंगबली की गदा' है ? आश्चर्य है कि संत व योगी कहलाने के बावजूद साम्प्रदायिक वैमनस्य व हिंसा का ऐसा चश्मा योगी जी ने अपनी आंखों पर डाल रखा है कि उन्हें ग़ज़ा में हो रही मासूमों की हत्यायें,अस्पतालों पर हो रही बमबारी,इस्राईल का बलात फ़िलिस्तीन पर क़ब्ज़ा,यह सब 'बजरंगबली की गदा' की कार्रवाई तुल्य प्रतीत हो रही है ?**



वैसे तो इस समय अफ़ग़ानिस्तान में तालिबानी सरकार सत्ता में है। अमेरिकी सेना से दो दशक की लड़ाई के बाद अफ़ग़ानिस्तान में 15 अगस्त, 2021 को तालिबान की वापसी हुई। निश्चित रूप से तालिबानों ने वहां की राष्ट्रपति अशरफ़ ग़नी सरकार के साथ बिना किसी ख़ून ख़राबे के हुये संघर्ष के बाद सत्ता पर बलात क़ब्ज़ा जमाया है। चीन सहित कई देशों ने उसे मान्यता भी दे दी है। परन्तु दरअसल तालिबानों का नाम 1990 के दशक से ही बदनाम है जबकि इसकी लगाम कट्टरपंथी तालिबानी नेता मुल्ला उमर के हाथों में थी। हालांकि पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों ने तो 1996 में अफ़ग़ानिस्तान में मुल्ला उमर की सरकार को भी मान्यता दे दी थी। दरअसल तालिबानी शब्द प्रायः तालिब इल्म के साथ प्रचलित शब्द है। तालिब इल्म का अर्थ विद्यार्थी अर्थात विद्या का चाहने वाला विद्या की तलब रखने वाले इसी तरह इल्म का तलबगार तालिब इल्म कहा जायेगा। परन्तु तालिबान सत्ता से लेकर सत्ता संघर्ष या अमेरिका




विरोधी संघर्ष के दौरान धार्मिक मान्यताओं या शरीया क़ानून के नाम पर अपने ही देश के लोगों के साथ बर्बरता से पेश आये। इसी संगठन के लोग सज़ा के तौर लोगों को सरे आम गोलियों से उड़ा देते थे। लोगों की गर्दनें काट देते। स्कूलों को बमों से उड़ा देते। शिक्षा, ख़ासकर महिला शिक्षा का विरोध करते। अन्य धर्मों व धर्मस्थलों के प्रति असहिष्णुता पूर्ण रवैय्या अपनाते। इसी मानवाधिकार विरोधी क्रूर हरकतों के चलते इन्हें पूरे विश्व में एक कट्टरपंथी जमाअत के रूप में देखा जाने लगा। गोया कट्टरपंथी सोच को ही 'तालिबानी सोच' कहा जाने लगा। कुछ उसी तरह जैसे तानाशाही का पर्यायवाची 'हिटलर शाही ' बन चुका है। पिछले दिनों राजस्थान के अलवर में एक विधानसभा क्षेत्र की चुनावी सभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने स्वभाव के अनुरूप पूरे हिंदुत्ववादी रंग में दिखाई दिये। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से लेकर यूपी में बुलडोज़र कार्रवाई का श्रेय लेने तथा उदयपुर में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा की गयी कन्हैया लाल की हत्या तक की याद दिलाई। उन्होंने अति उत्साह में यहां तक कहा कि -'देख रहे हैं न इस समय गाज़ा में इज़रायल, तालिबानी मानसिकता को कैसे कुचलने का काम कर रहा है? उन्होंने अपने भाषण में यह भी कहा कि तालिबानी सोच का इलाज 'बजरंगबली की गदा' ही है। अब सवाल यह है कि योगी आदित्यनाथ की नज़रों में 'तालिबानी सोच' के मायने क्या हैं ? धर्म के नाम पर या धर्म का हवाला देकर कट्टरपंथ फैलाना यदि तालिबानी सोच है तो यह तो लगभग सभी धर्मों के किसी न किसी वर्ग में पायी जाती है। क्या सभी तालिबानी सोच रखने वालों का इलाज 'बजरंगबली की गदा' है ? आश्चर्य है कि संत व योगी कहलाने के बावजूद साम्प्रदायिक वैमनस्य व हिंसा का ऐसा चश्मा योगी जी ने अपनी आंखों पर डाल रखा है कि उन्हें ग़ज़ा में हो रही मासूमों की हत्यायें,अस्पतालों पर हो रही बमबारी,इस्राईल का बलात फ़िलिस्तीन पर क़ब्ज़ा,यह सब 'बजरंगबली की गदा' की कार्रवाई तुल्य प्रतीत हो रही है ? तालिबानी यदि बर्बरता पूर्वक लोगों की हत्या करते हैं महिलाओं पर अत्याचार करते हैं शिक्षा के दुश्मन हैं तो निश्चित रूप से वे 'बजरंगबली की गदा' जैसे सख़्त प्रहार के अधिकारी हैं। परन्तु यदि भारत में उसी संकीर्ण धार्मिक मानसिकता के उन्मादी मॉब लिंचिंग करते हैं,मस्जिदों,दरगाहों पर हमले करते हैं, जब स्वयं को साधु संत बताने वाले लोग मुसलमान महिलाओं से बलात्कार करने का आह्वान करते हैं ? जब इसी संकीर्ण व अधर्मी मानसिकता के स्वयंभू संत, धर्म विशेष के लोगों से हथियर रखने की अपील करते हैं,यही नहीं बल्कि चाक़ू 'तेज़' कराकर रखने का आह्वान करते हैं।यह सब तालिबानी सोच नहीं तो और क्या है ? इसी दक्षिणपंथी विचारधारा के एक 'अति उत्साही ' वक्ता ने तो कई वर्ष पूर्व योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित संगठन हिन्दू युवावाहिनी की एक सभा में मुसलमान औरतों को क़ब्र से बाहर निकालकर उनका बलात्कार करने तक का आह्वान किया था। उस समय योगी आदित्य नाथ भी मंच पर मौजूद थे। परन्तु उस वक्ता के इस अति आपत्तिजनक बयान का वहां न किसी ने खण्डन किया न ही उस बयान पर आपत्ति जताई। क्या यह सोच तालिबानी सोच से भी कहीं आगे की ख़तरनाक सोच नहीं ? क्या इस तरह की अराजकता,आतंकवाद व गुंडागर्दी सभ्य समाज के लिए कलंक नहीं ? इसी संकीर्ण तालिबानी सोच में परवरिश पाने वाले संदीप दायमा नामक एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने राजस्थान में अलवर के तिजारा में एक रैली में कहा कि 'मस्जिद और गुरुद्वारे एक नासूर बन गए हैं और उन्हें उखाड़ दिया जाना चाहिए'। इस रैली में भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। जब उसकी इस टिप्पणी का राष्ट्रीय स्तर पर विरोध हुआ उसके बाद दायमा ने माफ़ी मांगी और माफ़ी में भी यह कहा कि 'उन्होंने मस्जिद और मदरसे के स्थान पर गुरुद्वारे के ख़िलाफ़ ग़लती से कुछ ग़लत शब्दों का इस्तेमाल किया।' यानी मस्जिद मदरसों के विरुद्ध उनका ज़हर उगलना उनके अनुसार दुरुस्त था ? उन्होंने वीडीओ में जारी अपने माफ़ीनामे में कहा- कि 'मैं हाथ जोड़कर सिख समाज से माफ़ी मांगता हूं। मुझे पता ही नहीं चला ये ग़लती कैसे हुई। मैं सोच भी नहीं सकता कि मैं उस सिख समुदाय के लिए ग़लती कर सकता हूं जिसने हमेशा हिंदू और सनातन धर्म की रक्षा की है।' संदीप दायमा को पार्टी से निष्कासित भी कर दिया गया है। क्योंकि पंजाब में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने जहां दायमा के ख़िलाफ़ सख़्त कार्रवाई की मांग की, वहीं पार्टी की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने भी यह कहा था कि इस नेता को उसकी इस टिप्पणी के लिए कभी माफ़ नहीं किया जा सकता। परन्तु भाजपा ने मस्जिद मदरसों पर की गयी उसकी टिप्पणी के लिये न तो उससे माफ़ी मंगवाई न ही उसने स्वयं इसकी ज़रुरत महसूस की। जबकि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने ज़रूर दायमा के माफ़ीनामे का वीडियो शेयर करते हुये यह ज़रूर कहा कि -'माफ़ी मांगने पर भाजपा नेता को भी शर्म आनी चाहिए क्योंकि मुसलमानों के धार्मिक स्थलों के ख़िलाफ़ बोलना भी गुरुद्वारे जितना ही निंदनीय है।' अतः मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस बात से पूर्णतः सहमत हूँ कि 'तालिबानी सोच का इलाज 'बजरंगबली की गदा' ही है' परन्तु जब उन्हीं के मंच से गुरद्वारे मस्जिद मदरसों को नासूर बताया जाये,मुस्लिम महिलाओं का क़ब्र से निकालकर बलात्कार करने जैसे अकल्पनीय ज़हरीले विचार व्यक्त किये जायें तो इसे 'सोच ' को आख़िर किस श्रेणी में डालेंगे ? वह बुध की मूर्तियां खंडित करें तो तालिबानी और यह गरुद्वारे मस्जिद मदरसे उखाड़ फेंकने को कहें तो 'राष्ट्रवादी '? ज़िंदा -मुर्दा मुस्लिम औरतों से बलात्कार की बातें करने वाले 'मानवतावादी '? अतः 'बजरंगबली की गदा' उठाने से पहले 'तालिबानी सोच' का परिभाषित होना भी ज़रूरी है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में रोज की अपेक्षा अच्छा प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। किसी रिश्ते में चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।

वृष राशि-आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में स्थिति बेहतर बनी रहेगी। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यो की वजह से वाह-वाही मिलेगी।

कर्क राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा। प्राइवेट शिक्षकों को किसी अच्छे कॉलेज से जॉब का प्रपोजल आएगा। सोशल वर्क से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है।

सिंह राशि-आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किए गए प्रयासों के चलते लाभ होगा 7 आज अपने प्रिय व्यक्ति से मिलने के कारण आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आएगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम कोजीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कार्यस्थल पर काम ज्यादा रहेगा। आज आपको किसी अनजान पर अत्यधिक विश्वास करने से बचना चाहिए। आप सामाजिक स्तर पर कुछ नए बदलाव करने की सोचेंगे आपको अन्य लोगों का साथ भी मिलेगा इससे आपका काम आसान हो जाएगा।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। सिनेमा जगत के कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज आप काम करने का नया प्लान बनायेंगे, इससे आपके काम आसानी से पूरे होते जायेंगे। आज आप छोटी-छोटी बातों में भी खुशियां ढूंढने में कामयाब होंगे।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबार संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी कॉपी कर सकता है। प्रॉपर्टी सेल-परचेज संबंधी बिजनेस में अच्छा लाभ होगा। इस राशि की वर्किंग महिलाएं कामकाज की वजह से व्यस्त रहेगी। कोई जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे जहाँ आपकी मुलाकात किसी रिश्तेदार से होगी, उनके साथ आप कुछ चीजों को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके काम तय समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे। बिजनेस को बढ़ाने के लिए नया प्लान बनाएंगे, जो कारगर साबित होगा। आज अचानक धन मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके बिजनेस में तरक्की होने के योग बने हुये है। अपने आस पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। किसी काम में कम मेहनत से ही सफलता मिल जायेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। आज आप सकारात्मक सोच के साथ कार्यो को करेंगे तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। साइंस के अध्यापको का दिन आज काफी व्यस्त रहेगा। आज ऑफिस में अपने कार्यो को ध्यान पूर्वककरें, ताकि आपकी कोई बैक-बाईटिंग न कर पाये।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। परिवार में किसी की तरक्की से उत्सव का माहौल बनेगा। अपने बच्चों को उपहार देंगे बच्चों में खुशी का माहौल दिखेगा। आज बुजुर्गों के साथ समय बिताये, उन्हें काफी अच्छा लगेगा।

## व्यंग्य

# आने और जाने के बीच

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



अब तुम्हें क्या बताऊँ भैया, जब रोना शुरू करता हूँ तो समझ नहीं आता कि कहाँ से शुरु करूँ। इंसान रोने के लिए हर जगह इज्जत और सम्मान तो खोज नहीं सकता। अब तो लोग रोने को भी जश्न का प्रतीक मानने लगे हैं। आजकल तो रोने के लिए वाररूम की व्यवस्था की जा रही है। जहाँ बड़े आदर और संयम से रोया जाता है। ऐसा रोना हमने पहले कभी नहीं देखा। वे रोने वालों को कह रहे हैं कि आगे बढ़ो, दुनिया आगे बढ़ रही है, विकास हो रहा है! फिर कहते हैं वापिस जाओ, बाप-दादा बुला रहे हैं, पीछे सब अच्छा है!! वेदों की ओर लौटना तो समझते हैं लेकिन ये नेता लोग न जाने कब हमें आगे बढ़ने के लिए कहते हैं और कब पीछे हटने के लिए। अरे, मुझे समझ नहीं आ रहा कि आगा अच्छा है या पीछा!! नेता जो करे वह सही और हम कुछ कर दें सब पागल-पागल कहना शुरु कर देते हैं। नहीं-नहीं, हम राजनीति पर बात नहीं कर रहे हैं और न ही करेंगे। हमें क्या करना है, एक पैर जमीन पर दूसरा पैर कब्र में जो हमारे सिर पर खड़ा होता है उसे यमराज ही नजर आते हैं। हमें क्या फर्क पड़ता है कि कुर्सी पर टुच्चा बैठे या लुच्चा? अगर आप आज जीवित हैं तो आपके लिए रामू काका हैं। क्या पता कल तुम मर जाओ और फिर जन्म लो तो रहीम चाचा बन जाओ। लोग कहते हैं कि लाखों योनियाँ हैं, आदमी कुत्ता या बिल्ली भी बन सकता है। क्या इसकी कोई गारंटी है कि कोई आदमी बन जायेगा? इसलिए हम राजनीति की बातें करके अपना और आपका कीमती समय क्यों बर्बाद करें? ...अब देखो, तुम इतने ध्यान से क्यों सुन रहे हो? क्या हमने तुम्हें डराया है? या आपने हमसे कोई कर्ज लिया है? ...अरे भाई आप इंसानियत के पक्षधर हैं, तभी हमारा दुख बांट रहे हैं। नहीं तो पता करो कि यहाँ से वहाँ तक कोई किसी के मन की बात इतना ध्यान से सुनता है भला। बकवास सुनने का समय किसी के पास नहीं है। बूढ़े लोग सारा समय, सारा दिन घर पर ही बैठे रहते हैं और एक पल बाँटने वाला भी कोई नहीं है। एक समय था जब लोग फूल लेकर खड़े रहते थे। ...पर पुरानी बातें छोड़ो. ...हाँ, हम तो कह रहे थे कि आत्मा कैसी भी हो, सूख जाती है। बच्चों को शिक्षित किया जाए ताकि उनका जीवन बेहतर हो सके। वे मनुष्य बन जायेंगे और हममें से कुछ लोग मोक्ष भी प्राप्त कर लेंगे। अब जब धरम-करम का समय आया तो पंछी सारे फुर्र हो गए। वे पितृ- दिवस, मातृ दिवस के दिखावे वाले दिनों पर स्टिकर लगाकर ऐसा ढोंग करते हैं जैसे उनका दायित्व पूरा हुआ। यह सोचकर कि पिता को पूरे साल भर बुखार नहीं होगा। ...बताओ हमें क्या करना चाहिए! बुढ़ापा तो बुढ़ापा है, रुकेगा थोड़े न! जो आया है वह जाएगा भी!




अमर बाबू पिछले महीने मर बाबू हो गए। बच्चे विदेश में, मजबूरी बनी रही, कोई नहीं आया। बूढ़े कंधों ने अपने ही जैसों में से एक कंधा देकर यह आस जताई कि कल कुछ हो जाएगा तो वे कंधे देंगे। हम में से एक ने चिता को आग लगाई... हमें नहीं पता कि किसी ने ऊपरी दुनिया का दरवाजा खोला या नहीं। न पूजा, न तेरहवीं, न फलां न ढंका। वे एक सफल व्यक्ति थे, लेकिन उन्होंने बहुत अपमानजनक तरीके से अपना देह छोड़ दिया। ऐसे भी कोई जाता है भला! हमने कैसी दुनिया बनाई है! ...जहाँ जीते जी इंसान को कोई नहीं पूछ रहा है। मरने पर च..च..च..च...करने के सिवाय कुछ नहीं रह जाता। यह जीने को भार और मरने को मुक्ति मानकर उत्सव के रूप में मनाना अपना दायित्व। जीवन आने और जाने के बीच भी कुछ होता है। वह कुछ के बीच जीना कभी-कभी बहुत दुश्वास कर जाता है।

## विश्लेषण

मनोज कुमार अग्रवाल

# मानव सभ्यता पतन की राह पर



एक ओर रूस और यूक्रेन युद्ध को चलते हुए करीब 16 माह बीत चुके है वहीं ताज़ा घटनाक्रम में इज़रायल तथा हमास में चल रहे युद्ध को 6 सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है। इस युद्ध की शुरुआत 7 अक्तूबर को हुई थी, जब हमास के लड़ाकों ने गाजा पट्टी से इजरायल के क्षेत्रों में जाकर 1400 के लगभग इजरायली नागरिकों, जिनमें बच्चे तथा महिलाएं भी शामिल थीं, को मार दिया था तथा 240 के लगभग इजरायलियों को वे बंदी बना कर गाजा पट्टी ले गये थे। गाजा पट्टी पर विगत कई वर्षों से इस्लामिक जेहाद समर्थित संगठन हमास का कब्ज़ा है। उसे ईरान तथा कुछ अन्य अरब देशों का समर्थन प्राप्त है तथा उसने इज़रायल को नेस्त-ओ-नाबूद करने की घोषणा भी की हुई है। इसी क्रम में उसकी ओर से यह हमला किया गया था। इस हमले की प्रतिक्रिया स्वरूप इजरायल के प्रधानमंत्री वैजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की थी कि वह गाजा पट्टी से हमास के प्रभाव को पूरी तरह समाप्त कर देंगे। जिस तरह उन्होंने गाजा पट्टी के दक्षिणी भाग में लगातार बम बरसा कर उसका विनाश किया है, तथा जिस तरह अब तक इन हमलों में हज़ारों की जान चुकी है, उसके दृष्टिगत संयुक्त राष्ट्र सहित विश्व के ज्यादातर देश इस युद्ध को खत्म करने के लिए यत्नशील हुये हैं।

आखिर मानव सभ्यता व विकास के सभी मानक क्या हम इंसानों को यहां इस मोड़ पर ले जाने के लिए ही तैयार कर रही है फिर हजारों साल पहले कबीलों के और आज के कथित विज्ञान के युग के शिक्षित मानव के जीवन में क्या परिवर्तन हो पाया? सिर्फ इतना भर कि पहले जमीन पर हाथ से निर्मित तीर कमान से खून की प्यास बुझाने का चलन था आज मिसाइल दाग कर यह भूख मिटाई जा रही है?

कुछ सप्ताह पूर्व इज़रायल ने गाजा पट्टी में रहते फिलिस्तीन के आम नागरिकों को राहत देते हुए दक्षिणी क्षेत्र छोड़ जाने तथा उत्तर की ओर जाने के लिए कहा था, इसके बाद अब तक 15 लाख के लगभग फिलिस्तीनी बेहद दयनीय स्थिति में गाजा पट्टी के उत्तरी क्षेत्रों में चले गये थे परन्तु अपनी पहली घोषणा के विपरीत इजरायल ने इन क्षेत्रों में भी अपनी बमबारी जारी रखी हुई है। इज़रायल ने गाजा के सबसे बड़े अस्पताल



को भी घेर कर वहां बम बरसाये हैं, क्योंकि वह घोषणा करता आ रहा है कि हमास अपना मुख्य कार्यालय इस अस्पताल के तहखानों से चला रहा है। इस तरह इस हमले में सैकड़ों ही मरीज़, जिनमें बच्चे एवं महिलाएं भी शामिल हैं, मारे गये हैं।

हालात ये बन गये हैं कि लाखों ही शरणार्थियों के लिए पानी, खाद्य आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं पूरी खत्म होती जा रही हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने फिलस्तीनी शरणार्थियों की बेहद पीड़ादायक स्थिति को ब्यान करते हुये यहां तक कहा है कि इस समय एक स्थान पर 160 लोगों के लिए केवल एक ही शौचालय उपलब्ध है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के पास तेल खत्म हो गया है, जिस कारण रात को हर तरफ अन्धेरा छा जाता है। लगातार किये जाते हमलों के कारण लोग भूख तथा प्यास से मरते जा रहे हैं। उन्हें एक डबल रोटी लेने के लिए भी घंटों तक कतारों में खड़ा होना पड़ता है। गलियां, बाजार दूषित पानी से भर गये हैं। नलों में पीने योग्य पानी नहीं आ रहा, न ही कहीं और जगह से किसी तरह की सहायता प्राप्त हो रही है। पैदा हुये इन हालात से इस युद्ध में घिरे लाखों लोगों के लिए बेहद दयनीय होती जा रही स्थितियों का अनुमान लगाया जाना कठिन नहीं है। पहले भारत अक्सर फिलिस्तीनियों के पक्ष में खड़ा होता रहा है। उसने हमेशा ही दो आज़ाद देशों का समर्थन किया है परन्तु अब अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर उसके व्यवहार को सन्तोषजनक नहीं कहा जा सकता। भारत सहित विश्व भर के सभी देशों की इस समय मुख्य प्राथमिकता युद्ध खत्म करवा कर लाखों ही लोगों को इस दयनीय हालत से बाहर निकालने की होनी चाहिए। चाहे अमरीका तथा ज्यादातर यूरोपियन देश इस समय इजरायल के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं परन्तु गाजा पट्टी में बन रहे ऐसे हालात व्यापक विनाश का सन्देश हैं। इस तरह के हालात में इस क्षेत्र में स्थायी शांति तथा स्थिरता की उम्मीद नहीं की जा सकती, अपितु यह घटनाक्रम और भी भयावह स्थितियों को जन्म देने वाला सिद्ध हो सकता है। इस युद्ध के शीघ्र खत्म होने से ही विकराल होती जा रही इस मानवीय त्रासदी को रोका जा सकेगा, जो अंत में इस क्षेत्र में स्थिरता की साक्षी बन सकेगी।

लगता है इंसान पहले भी सबसे खतरनाक जानवर था और आज भी अपने उसी स्वरूप को पाने की दिशा में बढ़ रहा है।

# आपराधिक षडयंत्र कर हत्या की घटना को दिया अंजाम,आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

## थाना तोयनार की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 17 नवंबर।** 7 नवंबर को थाना तोयनार क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात शव मिलने की सूचना पर थाना तोयनार में मर्ग पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। शव का पी0एम0 कराये जाने पर डॉक्टर द्वारा मृतक के सिर पर गंभीर चोंट आने से मौत होना एवं मौत का कारण संदग्धि लेख किया गया। प्रकरण में थाना तोयनार में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना में विवेचना के दौरान 02 सदिग्ध मोबाइल नम्बर मिले। संदेह के आधार पर घटना के बाद से फरार संदेही आरोपी रमेश यालम से घटना के सबंध में बारिकी से पूछताछ की गई। पूछताछ पर आरोपी द्वारा बताया गया कि मृतक तारूण अरविन्द जिला अस्पताल में लेब टेक्निशियन के पद पर कार्यरत था, मेरी पत्नि सिकल-सेल से पीड़ित है जो समय-समय पर ब्लड की जांच हेतु जिला अस्पताल जाती थी, ब्लड टेस्ट हेतु रजिस्टर में नाम एवं मोबाइल नम्बर दर्ज था। मृतक द्वारा मेरी पत्नि से सिकल सेल के सबंध में लगातार बात करता रहता था ऐसे ही घर परिवार के सबंध में पूछताछ किया जिसमें पत्नि द्वारा मुझे काम करने तेलंगाना जाना बताई। इसके बाद मृतक द्वारा लगातार फोन करके पत्नि को परेशान करता था। जिसकी सूचना पत्नि द्वारा मुझे दी गई। रमेश यालम के तेलंगाना से वापस घर आने पर घटना दिनाक को मृतक द्वारा पत्नि को फोन करके परेशान कर रहा था। आरोपी द्वारा मृतक के बार-बार फोन करने से परेशान होकर पत्नि को फोन करने मृतक को धनोरा सीसी रोड के पास आने को बुलाया। मृतक घटना दिनांक को अपने मोटर सायकल से धनोरा सीसी रोड के पास आया जिसे रमेश यालम एवं पत्नि के द्वारा मिलकर लाठी से सिर पर वार कर हत्या कर दिये एवं घटना में प्रयुक्त लाठी एवं मृतक के मोबाइल को पास के खेत में छुपा दिये।



मेमोरण्डम कथन के आधार पर आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त आलाजरब लाठी एवं मृतक का मोबाइल मौके पर उपस्थित गवाहों के समक्ष खेत से निकालकर बरामद कराया गया। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध थाना तोयनार में वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

## एक नजर

### आयुक्त ने छठ महापर्व पर व्यवस्था के सम्बन्ध में दिये जरूरी निर्देश

**रायपुर 17 नवंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी ने छठ महापर्व दिनांक 17 से 20 नवंबर 2023 तक नदी, तालाबों में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा - अर्चना को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम के सभी जोन कमिश्नरों, उपायुक्त स्वास्थ्य, जोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियन्ता ( जल एवं विद्युत विभाग ) को खारून नदी महादेवघाट सहित राजधानी रायपुर शहर के नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न तालाबों में घाटों एवं पचरियों की विशेष सफाई करवाने आवश्यकतानुसार पेयजल टैंकरों की व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सहित आवश्यक कार्य प्रबंधन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के सन्दर्भ में प्रभावशील आदर्श निर्वाचन आचार संहिता, माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, रायपुर जिला प्रशासन द्वारा जारी कोविड 19 के निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं. आयुक्त ने सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था हेतु नगर निगम अपर आयुक्त श्री शैलेन्द्र पाटले को नोडल अधिकारी बनाया है।

### कांग्रेस ने प्रदेश में उद्योगों के विकास पर नहीं दिया ध्यान: अजय चंद्राकर

**रायपुर 17 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा है कि दिसंबर में भाजपा सरकार के बनते ही प्रदेश में ठप पड़े औद्योगिक विकास के नए आयाम स्थापित होंगे और छत्तीसगढ़ की राजधानी को मध्य भारत का इनोवेशन हब के रूप में विकसित कर राज्य में 6 लाख रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। हम इन्वेस्ट इंडिया की तर्ज पर इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ आयोजित कर वार्षिक वैश्विकस्तरीय सम्मेलन कर देशी व विदेशी कंपनियों से निवेश आमंत्रित करेंगे। भाजपा मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री श्री चंद्राकर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में उद्योगों के विकास पर ध्यान देने के बजाय आर्थिक विकास का अभिन्न अंग, सड़क, बुनियादी ढांचे को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार राज्य में युवाओं के लिए रोजगार आवास पैदा करते अत्याधुनिक आईटी पार्क स्थापित करेगी। श्री चंद्राकर ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ आईटी टैलेंट विकास योजना के माध्यम से विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति और आकर्षक प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए उद्योगङ्कअकादमिक सहयोग की सुविधा प्रदान करेंगे।

## निधन

### यशवंत साहू

**अंवरी।** ग्राम सेमरा (भखारा) निवासी श्री यशवंत साहू उम्र 57 वर्ष का 15 नवम्बर को निधन हो गया। वे सरल स्वाभाव के धनी व्यक्ति थे। वे माधोराम साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष के छोटे भाई थे। वे कुमारी बाई साहू के पति एवं कान्हा राम साहू के पिता जी थे। वे अपने पीछे अपना भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गये। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम सेमरा ( भखारा ) के शांति घाट में हुआ। उनके अंत्येष्टि में बुधराम,माधवराम, पुनित, गुहन,अमरसिंग, मदन, गोविन्द, डुमेश, झमेश, नरसिंग, अशोक, तामेश्वर सहित बड़ी संख्या में परिवारजन,ग्रामीण एवं समाजगन उपस्थित रहें।



### महेंद्र कुमार साहू

**अंवरी।** ग्राम मरौद निवासी श्री महेंद्र कुमार साहू उम्र 58 वर्ष का 15 नवम्बर को निधन हो गया। वे सरल स्वाभाव के धनी व्यक्ति थे। वे बगौद परिक्षेत्र साहू समाज उपाध्यक्ष थे। वे मालती बाई साहू के पति एवं लोमश कुमार, कुमार सिग के पिता जी थे। वे अपने पीछे अपना भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गये। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम मरौद के शांति घाट में हुआ। उनके अंत्येष्टि में उत्तम, गौतम,बाबुलाल, मन्नू लाल, संतोष, डलेश्वर, सेवक राम, सुदर्शन, शत्रुघ्न , लोकेश, राजकुमार, रमेश, शेषनरायण, कृष्ण,सतिश, कमल नारयण, राकेश कुमार, हितेश, राजेश, राजु, परमेश्वर,सत्य नारयण, सहित बड़ी संख्या में परिवारजन,ग्रामीण एवं समाजगन उपस्थित रहें।



# भाजपा की जीत सुनिश्चित, इसी के साथ प्रदेश के कर्मचारियों की समस्याएँ हल होने का रास्ता खुलने जा रहा है: चौधरी

**रायपुर 17 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा है कि दिसंबर में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही 100 दिनों के भीतर प्रदेश के सरकारी विभागों में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों की समीक्षात्मक प्रक्रिया आरंभ करने एवं मार्ग प्रशस्त करने एक कमेटी का गठन करने के लिए संकल्पित है। इस समिति में अनियमित कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी भी सदस्य होंगे। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा की इन विधानसभा चुनावों में जीत सुनिश्चित हो चुकी है और इसी के साथ प्रदेश के कर्मचारियों की समस्याएँ हल होने का रास्ता खुलने जा रहा है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही अनियमित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के अपने संकल्प की पूर्ति के लिए कदम उठाएगी। भाजपा सरकार पंचायत सचिवों को नियमित कर उनका बकाया एरियर पीपीएफ में जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ में दिसंबर में बनने जा रही भाजपा की सरकार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे डी.ए. के समान डी.ए. देगी। भाजपा सरकार मितानिन (आशा) कर्मचारियों को एनएचएम के अंतर्गत स्थायी रूप से लिए जाने के लिए केंद्र सरकार के साथ चर्चा कर पहल करेगी। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार मितानिन कर्मचारियों के मासिक मानदेय और शिक्षा विभाग में कार्यरत सफाई कर्मी व मध्याह्न भोजन रसोइयों के वेतन में 50 फीसदी की वृद्धि करेगी। इसी प्रकार तृतीय और चतुर्थ वर्ग के पुलिस कर्मियों के लिए पुलिस क्वार्टर्स के निर्माण के लिए पुलिस कल्याण कोष को सशक्त करेंगे जबकि वादे के बावजूद कांग्रेस की भूपेश सरकार ने पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए कोई काम नहीं किया और इसे लेकर पुलिस कर्मियों को आंदोलन तक करना पड़ा जिसमें उनके परिजनों से दुर्व्यवहार तक किया गया। कांग्रेस सरकार ने अनियमित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को वादा करके भी नियमित नहीं किया। श्री चौधरी ने प्रदेश के सभी कर्मचारियों से मतदान के द्वितीय चरण में भाजपा के पक्ष में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है।

# आईईडी की चपेट में आने से घायल ग्रामीण को केरिपु ने पहुंचाया अस्पताल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 17 नवंबर।** छत्तीसगढ राज्य में चल रहे विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों को नुकसान पहुचान के लिये माओवादियों के द्वारा मतदान केन्द्र एवं आसपास के क्षेत्र में स्पाईक एवं आई0ई0डी लगाये गये थे। दिनांक 05/11/2023 को माओवादियों के द्वारा लगाये गये आईईडी की चपेट में ग्राम गोरगेपारा पुसनार के ग्रामीण लच्छू पूनेम उम्र 35 को पैर में गंभीर चोंट आई। माओवादियों के भय के चलते ग्रामीण मतदान में भाग नही लिये एवं ग्रामीण को उपचार के लिये अस्पताल तक नही पहुंचाये।

केरिपु 85वी वाहिनी को सूचना मिलने पर सी/85 एवं कोबरा 202 की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 16/11/2023 को घायल ग्रामीण को गोरगापारा पुसनार से स्ट्रेचर के माध्यम से पुसनार स्थित. केरिपु कैम्प लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार उपरान्त एम्बुलेस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगालूर पहुंचाया गया। अस्पताल गंगालूर से घायल ग्रामीण को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफेर किया गया है।



# भगवान श्री हरि विष्णु की झांकी लिए बाजे-गाजे के साथ निकाली जा रही प्रभातफेरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम17 नवम्बर।** गीदम नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक मास में प्रतिदिन नगरवासियों , भक्तगणों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही। इस दौरान भगवान श्री हरि नारायण विष्णु जी की झांकी लिए बाजे- गाजे के साथ बडी संख्या में भक्तगण प्रभात फेरी में शामिल हो रहे है। प्रभात फेरी प्रतिदिन बाबा रामदेव मन्दिर से सुबह 5 बजे शुरू होकर नगर के विभिन्न वार्डो आशुतोष शिव मन्दिर , पीडब्ल्यूडी पारा स्थित शिव मंदिर व विभिन्न मंदिरों से होकर गुजरती है जिसके बाद वापस बाबा मंदिर पहुँचती है। बाबा रामदेव मन्दिर के पुजारी बजरंगदास संत ने बताया कि कार्तिक मास के शुरुआत होते ही प्रतिदिन सुबह श्री हरि की झांकी लिए ढोल-बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली जाती है। इससे पूर्व सुबह 4 बजे बाबा मन्दिर में पूजा अर्चना व 5 बजे प्रभात फेरी के बाद 7 बजे आरती का आयोजन कर पूजा का समापन किया जाता है।



नगर की महिलाएं इस प्रभात फेरी में बढ़चढ़कर हिस्सा लेती है। मान्यता है कि कार्तिक मास के समय भगवान श्री हरि विष्णु जी का जल में निवास होता है इसलिए कार्तिक मास में सुबह जल्दी उठकर नहाने का भी अधिक महत्व है। इस पूरे धार्मिक आयोजन का समापन कार्तिक पूर्णिमा पर होगा। बता दे कि नगर में प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास पर यह आयोजन किए जाते है जहा बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल होते है।

## समाचार संक्षेप

### आयुक्त ने छठ पर्व के पूर्व शहर में तथा तालाबों के आस पाससफाई के निर्देश दिए

**राजनांदगांव 17 नवम्बर।** छठ पर्व को ध्यान में रखते हुये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, के साथ साथ मोती तालाब व चिखली तालाब के अलावा अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई कराने, दवा का छिडकाव करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि दीपावली त्योहार में शहर के आंतरिक व बाह्य क्षेत्रों सहित बाजार व शहर के प्रमुख मार्गो में भीड की स्थिति निर्मित हो गयी थी और विभिन्न समानों की खरीदी बिक्री के कारण शहर में कचरा फैल गया था, जिसे ध्यान में रखते हुये शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करे, नाली से कचरा निकालने के उपरांत कचरा तुरंत उठावे, दवाई एवं चुना का छिडकाव करे। मच्छर के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुये वार्डो में फागिंग करें। दुकानदारों व पसरा वालों को गंदगी न फैलाने कचरा वाहन में डालने, डस्टबीन का उपयोग करने की समझाईस देवे। उन्होंने कहा कि छठ पर्व को ध्यान में रखते हुये, मोती तालाब, चिखली तालाब सहित अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई कर कटिली झाडिया कटाने एवं दवाई का छिडकाव कर चुना लाईन खीचे। आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि अपने घरों, की साफ सफाई के अलावा घरों के आस पास भी साफ सफाई रखे। कचरा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही डाले। मौसमी बीमारी डेंगू मलेरिया से बचने फ्रीज की ट्रे व घर की टंकियों के पानी को नियमित रूप से बदले, घर के आस पास पानी जमा न होने दे।

### प्रदेश की युवा शक्ति के लिए भाजपा सरकार एक नई ऊर्जा, उमंग और विश्वास लेकर आ रही है:शर्मा

**रायपुर 17 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि प्रदेश की युवा शक्ति के लिए दिसम्बर-23 में बनने जा रही भाजपा की सरकार एक नई ऊर्जा, उमंग और विश्वास का सूर्योदय लेकर आ रही है। छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार बनते ही भाजपा यह सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है कि प्रदेश के हर युवा को काम मिले, उनकी प्रतिभा का सम्मान हो। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हर कदम पर युवाओं के साथ विश्वासघात किया और घोटालों की श्रृंखला चलाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया है। भाजपा की सरकार युवाओं के सनुहरे भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री शर्मा ने कहा कि दिसम्बर में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही सभी रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती करके युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा। भाजपा ने 2.5 लाख युवाओं को भर्तियों के माध्यम से रोजगार प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ को इनोवेशन हब के रूप में विकसित करके 6 लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के तहत प्रदेश के युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस सरकार ने जिस तरह पीएससी परीक्षाओं में गड़बड़ी की, उसकी जाँच करके दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। पीएससी और व्यापमं जैसी सभी प्रमुख परीक्षाओं के लिए यूपीएससी की तर्ज पर वार्षिक कैलेंडर बनाया जाएगा और हर ब्लॉक में कम-से-कम एक परीक्षा केंद्र स्थापित करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए अत्याधुनिक ओलंपिक प्रशिक्षण अकादमी स्थापित कर भाजपा सरकार युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेगी। श्री शर्मा ने कहा कि युवाओं के साथ छलावे और धोखाधड़ी का समय अब खत्म हो रहा है और इसके लिए प्रदेश के युवा भाजपा के पक्ष में शत-प्रतिशत मतदान कर अपने सपनों को नई उड़ान देंगे।

### भाजपा सरकार किसानों के कल्याण और उनके जीवन-स्तर में सुधार लाने प्रतिबद्ध : बघेल

**रायपुर 17 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक व सांसद विजय बघेल ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज करके भाजपा छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने जा रही है, जो प्रदेश के लाखों किसानों के कल्याण और उनके जीवन-स्तर में सुधार लाने के अपने संकल्पों पर पहले दिन से ही अमल करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। श्री बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के किसानों का धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदा जाएगा। दो साल के बकाया बोनस का भुगतान भी 25 दिसंबर को श्रद्धेय अटलजी के जन्मदिवस पर किया जाएगा।भाजपा सांसद श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार के कुशासन के चलते प्रदेश के 700 किसानों को आत्महत्या करनी पड़ी। गौठानों में 1300 करोड़ रुपए का घोटाला तो किया ही, गोबर में घोटाला करके कांग्रेस की प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को शर्मसार किया। इसी प्रकार भूपेश सरकार ने लाखो किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित रखा। श्री बघेल ने कहा कि दिसम्बर में भाजपा सरकार बनते ही किसानों को उनकी बेची गई उपज का पूरा भुगतान बिना लंबी कतारों के एक ही किश्त में किया जाएगा और इसके लिए हर पंचायत भवन में बैंकों के नकदी आहरण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। धान खरीदी से पहले ही बारदाने की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

## पर्व की तैयारी को लेकर डंकनी नदी घाट की हो रही सफाई, रविवार शाम छठव्रती डूबते सूर्य को देंगे अर्घ्य

# नहाय-खाय रस्म के साथ आज से छठ पर्व की शुरुआत, कल खरना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 17 नवंबर।** सूर्योपासना का महापर्व छठ आज नहाय-खाय रस्म के साथ शुरू हो गया है जो आगामी 4 दिनों तक मनाया जाएगा। कल खरना के साथ छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। रविवार 19 नवंबर को डुबते सूर्य व रविवार को उदयांचल सूर्य देवता को अर्घ्य अर्पण के साथ पर्व संपन्न होगा। छठ पूजा बिहार, झारखण्ड व पूर्वी उत्तर प्रदेश में काफी प्रचलित है। पर्व को लेकर भोजपुरी व मैथिली समाज में उत्साह देखा जा रहा है। पर्व के लिए डंकनी नदी घाट साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था की तैयारी की जा रही है।



चार दिवसीय सूर्योपासना का पर्व मुख्य रूप से बिहार एवं झारखण्ड में मनाया जाता है। कार्तिक शुक्ल की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला छठ एक हिन्दू पर्व है। बिहार व झारखण्ड में तो पखवाड़े भर पहले से ही छठ पूजा की तैयारी शुरू हो जाती है। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा समेत जिले के किरंदुल बचेली व बारसूर क्षेत्र में भी यह पर्व भोजपुरी व मैथिली समाज के लोगों द्वारा पूरे पारंपरिक रीति रिवाजों एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह एक ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयांचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। छठ पूजा मुख्य रूप से चार दिनों का होता है। आज शुक्रवार से पर्व की शुरूआत हो रही है। इसमें पहला दिन आज शुक्रवार 17 नवंबर चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय के रूप में मनाया जाएगा। छठव्रती महिलाओं द्वारा आज पारम्परिक रूप से अपने घरों की साफ सफाई की जाती हैं। जिसके बाद शाम को नहा धोकर भोजन ग्रहण किया जाएगा। चतुर्थी पर परम्परानुसार देसी घी के साथ कद्दू की सब्जी और अरवा चावल पकाकर खाया जाता है। कार्तिक शुक्ल पंचमी तिथि 18 नवंबर दिन शनिवार को छठव्रती महिलाएं उपवास रखेंगी तथा संध्या में पूजा के बाद खरना रस्म की अदायगी की जाएगी। खरना में व्रती शाम को मिट्टी या पीतल के बर्तन पर चावल और चने की दाल के साथ खीर- पुड़ी बना कर खाती है। खरना के बाद 36 घण्टे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो जाता है, जो तीसरे दिन सुबह सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होता है। कार्तिक शुकल का पष्ठी तिथि 19 नवंबर दिन रविवार को नगर के डंकनी नदी घाट पर व्रतधारी महिलाएं सामूहिक रूप से डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना करेंगी।

## एक नजर

### कलेक्टर एवं एसएसपी ने लाइन में लगकर किया मतदान



**रायगढ़, 17 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने आज मतदान क्रमांक 65 रायगढ़ शहर के आदर्श बाल मंदिर स्कूल में कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया। उन्होंने उत्साहपूर्वक मतदान कर सभी नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल एवं एसएसपी श्री सदानंद कुमार ने मतदान केन्द्र में बने सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी भी ली।

### नवजात शिशु संग अग्रवाल दंपत्ति, 5 माह की बिटिया संग डॉ.कुंती चौधरी पहुंची मतदान करने



**रायगढ़, 17 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दूसरे चरण के मतदान में आज रायगढ़ शहर के रायगढ़ शहर के आदर्श बाल मंदिर स्कूल में श्रीमती मोनिका अग्रवाल अपने पति एवं नवजात शिशु संग वोट देने पहुंची और मतदान किया। इसी कड़ी में कोतरा रोड स्थित संगवारी मतदान केन्द्र में डॉ.कुंती चौधरी अपनी 5 महीने की बेटी चेतना के साथ पहुंची और मतदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैने तो अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया, आप सभी भी अपने मताधिकार प्रयोग अवश्य करें। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान के प्रति उनके उत्साह को देखते हुए उनकी सराहना की तथा उनके साथ फोटो भी खिचवायें। इस दौरान कलेक्टर एसएसपी श्री सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट उपस्थित रहे।

### दादी संग पोती ने डाला वोट, बुजुर्ग दंपत्ति ने भी किया अपने मताधिकार का प्रयोग




**रायगढ़, 17 नवम्बर।** रायगढ़ के पालीटेक्निक कालेज में बने संगवारी मतदान केन्द्र में 76 वर्षीय श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव आज अपनी पोती न्यू वोटर कनु के साथ वोट देने पहुंची। इस दौरान उनकी पोती आज प्रथम बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया और खुशी जाहिर करते हुए सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही। इसी कड़ी में 82 वर्षीय श्री अम्बा लाल पटेल एवं उनकी धर्मपत्नी 58 वर्षीय श्रीमती फुल कुमारी पटेल ने शास.पी.डी.कालेज पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही कलेक्टर एवं एसएसपी संग सेल्फी भी ली। इस दौरान कलेक्टर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट उपस्थित रहे।

### सभी वर्ग के नागरिकों ने किया उत्साहपूर्वक मतदान

**रायगढ़, 17 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में आज युवा, वृद्धजन, महिलाओं, दिव्यांगजन सहित सभी वर्गो के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ के नागरिकों ने मतदान किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा के 1085 मतदान केन्द्रों में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के मतदाताओं की सहभागिता रही। जिले के चार विधानसभाओं में दिव्यांग मतदान केन्द्र, युवा मतदान केन्द्र, संगवारी मतदान एवं आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए है।

### कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने सपरिवार लाइन में लगकर किया मतदान

**धमतरी 17 नवम्बर ।** आज शुक्रवार को निर्वाचन तिहार के दिन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सहपरिवार रुद्री मतदान केंद्र में पहुंच कर मतदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने लाइन में लगकर लोगों के साथ मतदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने मतदान के लिए साथ में लाइन में लगे मतदाताओं के साथ चर्चा करते हुए उनसे व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने मतदान देने के बाद सेल्फी जोन में जा कर पत्नी के संग सेल्फी भी खिंचवाई। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारियों से संपर्क कर उनसे जानकारी ली ।

# करोड़ों रुपए की लागत से बना नवागांव एनीकेट व्यर्थ

- न पानी भर रहे हैं और न ही बाड़ी लगाने दे रहे हैं विभाग
- पहले स्थानीय ग्रामीण बाड़ी लगाकर जीवनयापन करते थे
- नवागांव एनीकट में पानी नहीं रोक पाए जल संसाधन विभाग, लेबल गिर रहा।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 17 नवंबर।** सितंबर में मानसून की विदाई हो चुकी है अक्टूबर पूरी तरह से समाप्त हो गया। नवंबर आधे से ज्यादा बीत गए हैं लेकिन धमतरी जिला के जल संसाधन विभाग की उदासीनता लोगों के समझ से बाहर हो गई है। लोग तो इन्हें बहुत बड़ी लापरवाही मार रहे हैं। आखिरकार करोड़ों रुपया का एनीकट पानी रोकने के लिए ही बनाया गया है ताकि यहां के दोनों बड़े राजिम और नवापारा शहर तथा आसपास के अनेक गांवों को पानी की समस्या से जूझना ना पड़े। लगता है अब छत्तीसगढ़ सरकार के करोड़ों रुपया व्यर्थ होने जा रहे हैं। सन् 2015 में तत्कालीन सरकार के द्वारा 25 करोड़ से भी ज्यादा राशि स्वीकृत कर नवागांव एनीकट को पूर्ण किया गया था। उस समय नदी में बड़ी लगा दिए गए थे। किसान अपनी गाढ़ी मेहनत के पैसे लगाए हुए थे फसल निकलने ही वाले थे ऐसे समय में एनीकट में पानी रोक दिए गए और पूरी फसल डूब गई। किसान इस नुकसान को इसलिए सह गए कि अब 12 महीने पानी का लेवल बना रहेगा, कभी भी पानी की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। लेकिन उनके बलिदान व्यर्थ साबित हो रहा है। एनीकट के गेट खुले हुए हैं। जिसमें पानी निरंतर बह रहा है और अब तो पानी के धार भी काम हो गया है। यदि गेट को बंद भी करें तो भरने में ही इसे 15 दिन से भी ज्यादा समय लग जाएगा। उसके बाद भी कोई गारंटी नहीं है कि नवागांव एनीकट पानी से लबालब हो जाएगा। इतनी बड़ी लापरवाही पर विभाग मौन साधे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पानी का लेवल निरंतर गिर रहा है ऊपर से लगातार रेत उठाव का कार्य हुआ है। जिससे नदी की शक्ल और सूरत दोनों बिगड़ गई है। मानना है कि नदी में रेत रहने पर ही पानी बना रहता है। अब तो रेत भी कम हो गए हैं। प्रशासन के द्वारा कोई एक्शन नहीं लिए जाने के कारण ऐसी स्थितियां निर्मित हुई है दूसरी ओर एनीकट में पानी नहीं रोकने पर जनता बिफड़े हुए हैं। कभी भी परिस्थितियों बिगड़ सकती है। जिसका जवाब शासन प्रशासन को देना पड़ सकता है। जानना जरूरी है कि हिंदुस्तान के प्रमुख धर्म नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में पानी इसी एनीकट से होकर जाते हैं। अगर यही स्थिति रही तो श्रद्धालुओं को पुण्य स्नान के लिए स्वच्छ पानी नहीं मिल पाएगा। राजिम शहर के अनेक लोगों ने शीघ्र नवागांव एनीकट में पानी भरने की मांग की है। इस एनीकट से लाखों की जनसंख्या को पानी मिलता है। राजिम, नवापारा दो बड़े शहर है। इसके अलावा धमतरी और गरियाबंद जिला के अनेक गांव जिनमें नवागांव बुड़ेनी चंदना चमसुर भेंडरी, चौबेबांधा, सिंधौरी, बरोंड़ा, श्यामनगर, पथर्रा, नवाडीह, पीपरछेड़ी इत्यादि तीन विधानसभा क्षेत्र कुरूद, अभनपुर, राजिम तथा लगभग तीन दर्जन गांवों के लोग लाभान्वित होते हैं। अभी पूरी गर्मी बची हुई है ऐसे में विभाग की लापरवाही लोगों को चुभ रही है।

# राजिम जिले के मुद्दे चुनाव में गायब, ऐतिहासिक मांग पूरी नहीं होने का मलाल



राजिम 17 नवंबर। पिछले 32 सालों से लगातार राजिम जिले की मांग चल रही है इस दौरान कई बार सत्ता बदली लेकिन राजिम क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर अभी तक नहीं बदल पाई है। यहां के लोग जिले की मांग लगातार करते रहे हैं पर थोथा चना बाजे घना की कहावत हर बार चरितार्थ हुई है वैसे तो राजिम विधानसभा की धमक अविभाजित मध्य प्रदेश में राजधानी भोपाल से लेकर दिल्ली तक थी। सन् 2000 में मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य बनाए गए। राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका संत कवि पवन दीवान का माना जाता है। श्री दीवान का जन्म स्थल राजिम स्थित किरवई है। उन्होंने अपने जीवन काल में विधायक, जेल मंत्री और सांसद तथा गौ सेवा आयोग के पद पर आसीन रहे। संत, कवि के रूप में इनकी पहचान खूब रही है। उन्होंने अपने जीवन काल में तीन प्रमुख सपना संजो कर रखे थे जिनमें से छत्तीसगढ़ राज्य बनाना उनका मुख्य विषय था उसके बाद राजिम को जिला बनाना तथा तीसरा बिंदु के रूप में भगवान रामचंद्र की मां कौशल्या की जन्मभूमि चंदखुरी को विकसित करने की। 1 नवंबर सन 2000 में छत्तीसगढ़ वासियों को छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात मिली। सन् 2018 के बाद से चंदखुरी में माता कौशल्या की जन्मभूमि को विकसित किया गया। परंतु राजिम जिला की मांग अभी भी अधूरी रह गई है। सन 2014 में संतकवि पवन दीवान ब्रह्मलीन हो गए। पिछले दो सालों से क्षेत्र की जनता उमड़ गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर आम जनता मुख्यमंत्री से राजिम जिला की मांग करते रहे परंतु अभी तक इन 32 सालों में जिला नहीं बन पाया है जिसका मलाल यहां के लोगों को है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जिला बनने के बाद राजिम क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। धर्म अध्यात्म एवं पर्यटन के क्षेत्र में राजिम का नाम पूरी दुनिया में विख्यात है बावजूद इसके यहां सत्ता पर काबिज होने वाले सरकार के द्वारा जिला की घोषणा नहीं करना बहुत बड़ी कमी माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक गरियाबंद जिला मुख्यालय की दूरी 44 किलोमीटर है। जबकि मुख्यालय से 30 से 35 किलोमीटर की दूरी तक के शहर को जिला का दर्जा दिया जा सकता है। पूरे हिंदुस्तान में जितने प्रमुख तीर्थ स्थल है सभी जिला मुख्यालय के रूप में तब्दील हो चुके हैं लेकिन राजिम का दुर्भाग्य ही कहे कि अभी तक इन्हें जिला नहीं बनाया गया है लोग लंबे समय से मांग कर रहे हैं लेकिन हर बार छला गया है। बताना होगा कि लोग यही समझ रहे थे कि पूरे विधानसभा चुनाव में जिला का मुद्दा छा जाएगा। परंतु ऐसा हुआ नहीं और जिले के मुद्दे ही गायब हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य बने तब मात्र 16 जिले थे। इस दौरान चार बार विधानसभा चुनाव हो चुके हैं और चार बार सरकारें सत्ता पर काबिज हो चुकी हैं। इस दौरान 17 नए जिले बनाए गए, पर राजिम का नाम अभी तक गायब ही रहा है। विधानसभा पर फतह करने वाले जनप्रतिनिधि मजबूती के साथ अपनी बात जिले के मुद्दे पर नहीं रख पाए हैं जिसका भी रंज क्षेत्र के लोग झेल रहे हैं। स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में राजिम को अभी भी पिछड़ माना जाता है। नई उम्र के लोग रटन लगाकर बैठ गए हैं की राजिम जिला बनें।

### कलेक्टर ने मतदान दलों को निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने दी शुभकामनाएं

**जांजगीर-चांपा, 17 नवंबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतदान दलों को निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी मतदान दलों को मतदान के सुचारू रूप से संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया है और सामग्री लेकर वे रवाना हो चुके हैं। मतदान शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा। शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज जांजगीर के प्रांगण से मतदान दलों को रवाना किया गया है। जिले में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा 235 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा अंतर्गत 220 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती आंशिक अंतर्गत 82 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37 जैजैपुर आंशिक 60 मतदान केन्द्र एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ अंतर्गत 214 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इन सभी 811 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया है।

# सजाए गए संगवारी मतदान केंद्र, मतदान के पश्चात सेल्फी लेने का भी मिलेगा मौका



महासमुंद 17 नवम्बर। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के साथ अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुनने मतदाता आज 17 नवंबर को मतदान करने पहुंच रहे है। सुबह 8:00 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया है। यहां आदर्श और संगवारी मतदान केंद्र मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए विशेष रूप से सजाया गया है। यहां मतदान देने पहुंचे अनुष्का, रितुशा ने बताया कि आदर्श मतदान केन्द्र में पहुंचकर ऐसा लगा कि हम किसी खास जगह पर पहुंचे है। उन्होंने प्रशासन की इन तैयारियों की सराहना करते हुए उत्साह पूर्वक मतदान किया।

इसके साथ ही विशेष सहायता केंद्र और स्वास्थ्यगत त्वरित उपचार के लिए भी स्टॉल लगाया गया है। महासमुंद जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार अन्य विशेष तैयारियां भी की गई है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए है। खास बात यह है कि महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने संगवारी मतदान केंद्र बनाकर विशेष रूप से सजाया गया है। इन बूथों में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल के सभी अधिकारी महिलाएं है।

यहां मतदान के पश्चात् परिसर में सेल्फी जोन भी तैयार किया गया है, जहां मतदाता सेल्फी ले सकते हैं। जिले में अलग-अलग विधानसभा अंतर्गत कुल 40 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है।

# कमार जनजाति के मतदाताओं में मतदान के लिए दिखा उत्साह



धमतरी 17 नवम्बर । छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के चुनाव हेतु 56-सिहावा विधानसभा के जनपद पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बिलभदर के मतदान केन्द्र क्रमांक 143 को विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग हेतु ट्राइबल मतदान केन्द्र का निर्माण किया गया है। जिसमें कुल मतदाता की संख्या 1039, कमार मतदाता की संख्या 37 है। यह मतदान केन्द्र चुनई तिहार के आधार पर तैयार करते हुए कमार जनजाति हेतु झोपड़ी नुमा सेल्फी जोन बनाया गया है। कमार जनजाति के लोग पारम्परिक औजार जैसे तीर-धनुष, पारम्परिक अनाज रखने हेतु टुकनी, सूपा लेकर मतदान करने पहुचे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए ट्रायसाईकल की व्यवस्था की गई है। साथ ही शत प्रतिशत मतदान करने जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास एवं सहयोग किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग हेतु निर्मित मतदान केन्द्रों में कमार मतदाताओं में भारी उत्साह देखी। इन मतदान केन्द्र में पहुंच कर कमार जनजाति के लोगों ने सफलता एवं सरलतापूर्वक मतदान की और सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली।

विधानसभा निर्वाचन सिहावा - 56 का पोलिंग बूथ क्रमांक- 143, माध्यमिक शाला भवन ग्राम बिलभदर विकासखण्ड नगरी को ÷आदर्श बूथ÷ के रूप में चिन्हित किया गया है। इस बूथ में सभी मतदान कर्मी आदिवासी, पिछड़ी जनजाति (कमार) महिला/पुरूष मतदाता कर्मी है तथा उनके द्वारा मतदान प्रक्रिया का निर्वहन किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में शत-प्रतिशत ÷विशेष पिछड़ी जनजाति कमार मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस बूथ को आदिवासी विकास विभाग द्वारा ÷आदर्श मतदान केन्द्र÷ के रूप में सुसज्जित किया गया है। इस बूथ के माध्यम से कमार मतदाताओं के जीवन को आदर्श बनाने तथा लोकतंत्र में शत-प्रतिशत भागीदारी कराने हेतु उनको मतदान प्रक्रिया से जोड़ने हेतु शिक्षा से जोड़ने हेतु सामाजिक जन जीवन के स्तर को उंचा उठाने के उद्देश्य से इस बूथ का निर्माण किया गया है। यहां के कमार मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान कराया जाना है और उनके साथ-साथ विधानसभा सिहावा के समस्त मतदाताओं को अपील करने के उद्देश्य से ÷आदर्श मतदान केन्द्र÷ का निर्माण किया गया है। यहां के विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये भी प्रोत्साहित किया गया है एवं परिवार के सभी सदस्यों को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा चुका है। यहां के मतदाता एक मजबूत लोकतंत्र के लिये मतदान करने हेतु तैयार हैं।

## समाचार संक्षेप

### दिव्यांग और वृद्धजनों को ई-रिक्शा की मिली सुविधा



**महासमुंद 17 नवम्बर।** सरायपाली विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र कुटेला में दिव्यांग और वृद्धजनों के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। मतदाता मित्रों द्वारा उनके घर तक जाकर ई-रिक्शा से मतदान केंद्र तक पहुंचाया गया और यहां पहुंचकर उन्हें व्हीलचेयर में बिठाकर मतदान कक्ष तक ले जाया गया। प्रशासन के इस संवेदनशील व्यवस्था से दिव्यांगजनों और वृद्धजनों ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा की व्यवस्था नहीं की जाती तो शायद हम अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते।

### दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्रों में सुचारु रूप हुई वोटिंग



**महासमुंद 17 नवम्बर।** यह दिव्यांगजन किसी से कमतर नहीं है। अब वे मतदान की प्रक्रिया में भी सहभागी बने है। पहली बार दिव्यांग कर्मियों द्वारा मतदान केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। जिले के सरायपाली अंतर्गत कुटेला, बसना अंतर्गत धनापाली, खल्लारी अंतर्गत बागबाहरा कला एवं महासमुंद विधानसभा अंतर्गत ग्राम कुकराडीह में दिव्यांग कर्मियों द्वारा मतदान कराया जा रहा है। खल्लारी विधानसभा अंतर्गत बागबाहरा कला में मतदान कर्मी श्री कीर्तन पटेल ने बताया कि यह अनुभव हमारे लिए सुखद रहा। हमें विश्वास था कि हम भी मतदान प्रक्रिया को सफल बनायेंगे।

### विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों में मतदान के लिए दिखा उत्साह



**महासमुंद 17 नवम्बर ।** जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के वोटरों का इस बार विशेष रूझान दिखाई दिया। पिथौरा, बागबाहरा और महासमुंद जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाता आगे बढ़कर वोट कर रहे हैं। कमार जनजाति बहुल संगवारी मतदान केंद्र - सिर्री पठारीमुड़ा विकासखंड- बागबाहरा को कमार जनजाति द्वारा निर्मित सूपा, पर्रा, टुकनी, धान बाली, छिंद पत्ते आदि से सजाया गया है। पिछड़ी जनजाति कमार के महिला, पुरूष मतदाता बढ़-चढ़कर वोटिंग कर रहे हैं। ग्राम सिर्री के कमार मतदाता ने बताया कि वे आज सुबह से मतदान देने के लिए तैयार हो गए है। सामान्यतः वे खेत और जंगल में रहकर काम करते है। लेकिन आज के इस चुनई तिहार में वे भी भागीदारी निभाने आए हैं। ज्ञात है कि जिले के 75 ग्रामों में कुल 895 कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं। जिनकी जनसंख्या 3240 है।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महिला टीचर के तलाक को दी मंजूरी

**बिलासपुर, 17 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महिला टीचर को उसके पति से तालाक लेने पर मजूरी दी है. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि स्टूडेंट्स के सामने टीचर पत्नी को गाली देना मानसिक क्रूरता' है. कोर्ट ने ये भी कहा कि पति द्वारा अपनी शिक्षिका पत्नी को अपने छात्रों के सामने गंदी भाषा में दुर्व्यवहार करने से न केवल समाज में उसकी छवि खराब होगी, बल्कि ये हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मानसिक क्रूरता भी होगी.जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस दीपक कुमार तिवारी की डिवीजन बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी. बेंच ने क्रूरता के आधार पर अपने पति से तलाक की मांग करने वाली एक महिला की याचिका को स्वीकार कर लिया.आरोप है कि जब पत्नी नौकरी करती थी और कभी-कभी देर से घर आती थी, तो पति पत्नी के चरित्र पर सवाल उठाता था. जब पत्नी अपने घर पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना शुरू करती थी, तो पति गाली गलोज बातें करता था.हाईकोर्ट ने कहा, पत्नी के चरित्र पर सवाल उठाने से स्वाभाविक रूप से समाज में, खासकर छात्रों के सामने पत्नी की छवि खराब होगी. कोर्ट ने कहा कि पत्नी को शुरू में उसके ससुराल वालों ने स्वीकार नहीं किया क्योंकि ये एक प्रेम विवाह था. महिला ने दलील दी कि उसका पति बेरोजगार था और इसलिए उसने परिवार का खर्च चलाने के लिए एक स्कूल में पढ़ाने की नौकरी कर ली. काम के बोझ के कारण वह कभी-कभी देर से घर आती थीं. उसके पति को ये पसंद नहीं था कि वो काम करे और उसके चरित्र पर संदेह करता था और अक्सर उस पर कुछ पुरुष सहकर्मियों के साथ अवैध संबंध रखने का आरोप लगाता था।

### तीनों विधानसभा क्षेत्र में एक-एक बूथ युवा प्रबंधित

**जांजगीर-चांपा, 17 नवंबर ।** जिले में जांजगीर-चांपा, पामगढ़ व अकलतरा विधानसभा में एक-एक बूथ युवा मतदान दल द्वारा प्रबंधित होंगे। इसके मतदान दल में शामिल कर्मचारियों में शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज जांजगीर में 16 नवम्बर गुरूवार को मतदान सामग्री उठाव के दौरान भारी उत्साह दिखा। नई जिम्मेदारी के निर्वहन के पूरी तरह चुस्त-दुरूस्त व तैयार युवा मतदान कर्मियों ने कहा कि पहली बार निर्वाचन आयोग द्वारा युवाओं को यह जिम्मेदारी दी गई है जो मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अच्छी पहल है। युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों के मतदान दल में कार्य करने के इस अवसर को युवा मतदान कर्मियों ने अपने लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं महत्वपूर्ण बताया है। इन युवाओं ने कहा कि हम सभी युवा अधिकारी कर्मचारियों को युवा मतदान केंद्र के संचालन की जिम्मेदारी मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हम सभी युवा पूरे जोश एवं उत्साह तथा निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर निर्वाचन के इस राष्ट्रीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

# विधानसभा चुनाव के लिए मतदान केन्द्रों में लगी लंबी कतार





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 17 नवम्बर।** विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को शहर मे सुबह से मतदान करने लोगो मे जबरदस्त उत्साह का माहौल देखा गया शहर मे 52 मतदान केन्द्र बनाये गये है जहां सुबह 8 बजे से शुरू हुए मतदान मे लोगो ने अपने मताधिकार का उपयोग करने पहुंचे शहर के मुंशी इस्माईल वार्ड,रामसागर वार्ड,सुभाष वार्ड, मातादेवालय वार्ड,शंकर वार्ड, हथनीपारा वार्ड सहित अन्य मतदान केन्द्रो मे मतदान के लिए सुबह से ही मतदाता अपने मतदान केन्द्रो मे पहुंचे शहर के कई ऐसे मतदान केन्द्र जहां लम्बी लाईन लगी रही दोपहर 12 बजे तक लगभग 25 प्रतिशत मतदान हुआ जिस हिसाब से लोगो की भीड मतदान केन्द्रो मे दिखी शाम तक बहुत अच्छे मतदान होने की संभावना है।










## एक नजर

### बाबूजी फाउंडेशन ने जरूरतमंद बच्चों के बीच मनाई दीपावली




भाटापारा, 17 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बाबूजी फाउंडेशन ने जरूरत मंद बच्चों के बीच पहुंच कर दीपावली पर मिठाई, रंगोली, सुरसुरी, फुलझड़ी पटाखे सभी बच्चों को एक-एक पैकेट भेट, वितरण कर बाबूजी फाउंडेशन के सदस्यों ने अटल आवास रावणभाठा मैदान के पास दीपावली मनाएं बधाई व शुभकामनाएं दिए। फाउंडेशन के संचालक (महोदय) बाबू तोरण साहू ने बताया आत्मिक खुशी मिलती है इन सभी के बीच पहुंचकर। दया, करुणा, ही धर्म का मूल है। सदगुरु कबीर साहेब की कृपा से उनके द्वारा मिला सामर्थ से ही हो पाता है। उपस्थितजन तेज प्रकाश जैन, श्रीमती वीणा साहू शिक्षिका, रामकुमार साहू, शेषनारायण पांडे, सुभाष भट्टर, नारायण साहू नगर अध्यक्ष, रमेश श्रीमाली, गिरिराज भट्टर, आदि.. रहे।

### मतदान कार्य में संलग्न कर्मियों के आपातकालीन चिकित्सा के लिए एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था

**कोरबा 17 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों के आपातकालीन चिकित्सा सुविधा के लिए रायपुर में एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था निर्वाचन आयोग द्वारा की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने कोरबा जिले में एयर एम्बुलेंस सेवा की सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग मोबाइल नंबर 9479263731, एडीशन एसपी श्री अभिषेक वर्मा मोबाइल नंबर 9406052280 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## आकर्षक सजावट के साथ आदर्श मतदान केन्द्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 17 नवम्बर।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 17 नवम्बर 2023 को होने वाले मतदान के लिये जिला प्रशासन के द्वारा चयनित मतदान केन्द्रों में आकर्षक सजावट की गई है। इस हेतु जिले के सभी मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्रों के रूप में चिन्हांकित कर आकर्षक रूप से तैयार किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले के सभी आदर्श मतदान केंद्रों में आदर्श मतदान केंद्र के अनुरूप बेहतरीन साज-सज्जा के अलावा अच्छी गुणवत्ता वाले फर्नीचर, रैम्प, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, मतदाता सहायता हेतु बूथ लेवल अधिकारियों की तैनातगी की गई है। इन सभी आदर्श मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय आदि की भी व्यवस्थाएं की गई है। इसके अलावा मतदान केंद्र में पहुँच हेतु सुगम पहुँच मार्ग का भी निर्माण किया गया है। इन सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए छांव की उत्तम व्यवस्था,सेल्फी जोन आदि का भी निर्माण किया गया है।


### मतदान



बलौदाबाजार, 17 नवम्बर। बलौदाबाजार भाटापारा जिले के सबसे अंतिम गांव कसडोल अंतर्गत ग्राम ब्लदाकछार में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार मतदाता उत्साह से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### दिव्यांग और वृद्धजनों को ई-रिक्शा की मिली सुविधा

**कोरबा 17 नवम्बर।** कोरबा विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र कुटेला में दिव्यांग और वृद्धजनों के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। मतदाता मित्रों द्वारा उनके घर तक जाकर ई-रिक्शा से मतदान केंद्र तक पहुंचाया गया और यहां पहुंचकर उन्हें व्हीलचेयर में बिठाकर मतदान कक्ष तक ले जाया गया। प्रशासन के इस संवेदनशील व्यवस्था से दिव्यांगजनों और वृद्धजनों ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा की व्यवस्था नहीं की जाती तो शायद हम अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते।



## दूसरे चरण में मतदान के लिए उमड़े लोग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 17 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 8 बजे से शुरू हो चुका है. वोट डालने मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई है. वहीं अपने मतों का प्रयोग करने प्रत्याशी भी पहुंचे हैं. जहां वे वोटर्स के साथ लाइन में लगे नजर आए और अपने मताधिकार का प्रयोग किया. जहां भाजपा प्रत्याशी टंक राम वर्मा ने ग्राम तुलसी नेवरा में मतदान किया है। तो नगर के सभी मतदान केंद्रों में सुबह से लंबी लाइन लगी है महिला वोटर में जबरदस्त जोश है। नेवरा मतदान केंद्र में 188 में 85 वर्षीय पंडित मालूराम शर्मा मतदान केंद्र जा कर अपने मत का प्रयोग किया। तिल्दा नेवरा में निर्वाचन आयोग के 80,की उम्र वाले मतदाता अधिकाश मतदान केंद्र आए और मत का प्रयोग किया। 40 प्रतिशत मतदान दोपहर एक बजे तक हो गया है। गावों में मतदाताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के भीतर किसी प्रकार का प्रचार रहा प्रतिबंधित

**कोरबा 17 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा उपरांत सम्पूर्ण जिलें में आदर्श आचरण प्रभावशील है। भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सौरभ कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। उन्होंने मतदान दिवस 17 नवंबर को कोरबा जिलें में मतदान प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मतदान दिवस तक सार्वजनिक सभा, रैली एवं रोड़ शो एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित किया है। श्री सौरभ कुमार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश पारित किया है कि कोरबा जिलें के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, पिस्टल, रायफल, रिवाल्वर, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छूरा, कुल्हाडी, बरछी, गुप्ती, त्रिशूल, खुकर, सांग एवं बल्लम अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान आम सड़क रास्ता सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर लेकर नही चलेगा। कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति सशस्त्र जुलूस नहीं निकलेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। बल्क एस. एम. एस. एवं फोन कॉल करना भी प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नही होगा जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा निःशक्त होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता हैं।

### सजाए गए संगवारी मतदान केंद्र

# मतदान के बाद सेल्फी लेने का मिला मौका

**कोरबा 17 नवंबर।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के साथ अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुनने मतदाता 17 नवंबर को मतदान करेंगे। कोरबा जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जा चुका है। मतदान दल अपनी पूरी टीम के साथ निर्धारित मतदान केंद्रों पर भी पहुंच गए हैं। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कलेक्टर एवं जिलानिर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार अन्य विशेष तैयारियां भी की गई है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र, दिव्यांगो द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्र, आदर्श मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। खास बात यह है कि महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने संगवारी मतदान केंद्र बनाकर विशेष रूप




से सजाया गया है। इन बूथों में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल के सभी अधिकारी महिलाएं होंगी। यहां मतदान के पश्चात् परिसर में सेल्फी जोन भी तैयार किया गया है, जहां मतदाता सेल्फी ले सकते हैं। जिले में अलग-अलग विधानसभा अंतर्गत कुल 40 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी तरह जिले में 20 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक युवा और दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में पुरूष एवं महिला अधिकारी निर्वाचन कार्यों को पूर्ण कराने में सहभागी बनेंगे।

### मतदान दलों को उपलब्ध कराया गया मेडिकल किट

मतदान दल में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान केंद्रों में प्राथमिक उपचार से संबंधित मेडिकल किट स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा आपातकालीन परिस्थितियों में मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस भी तैनात होंगी।

### मतदान केंद्रों में मतदाताओं के सहयोग के लिए मतदाता मित्र

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के सहयोग के लिए मतदाता सहायक (वोटर असिस्टेंट) उपलब्ध होंगे। वोटर असिस्टेंट द्वारा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम ढूंढने और मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मतदाता मित्र के रूप में एनसीसी व एनएसएस के कैडेट्स भी मतदान केंद्रों में उपलब्ध होंगे। 1124 मतदाता मित्रों द्वारा दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों तथा शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने एवं व्हील चेयर, पेयजल, प्राथमिक स्वास्थ्य उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 633 सीनियर स्काउट्स-गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स मतदाता मित्र के रूप में तैनात किया गया है।

**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308161800007**

विषय:- अ-2
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2022-2023

**हाउरनार प.ह.न.00020 [ 76/2 (0.0820 हे.) ]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- श्री पंकज शर्मा,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री पंकज शर्मा पिता श्री रामअवतार शर्मा उम्र 35 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी गीदम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) मोबाईल नम्बर 9479073048 के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम के समक्ष भू-राजस्व संहिता की धारा 172 तथा 59(2) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया ग्राम हाउरनार प.ह.नं.20 रा.नि.म. गीदम तहसील गीदम में स्थित भूमि का खसरा नम्बर 76/2 रकबा 0.0820 हे. में से रकबा 0.0410 हे. भूमि को कृषि भिन्न प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन कराना चाहता है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भू-खण्ड पर किसी को आपत्ति हो तो इस कार्यालय में दिनांक 20/11/2023 तक अभिमत प्रस्तुत कर सकते हैं।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/11/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम**

**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308161800008**

विषय:- अ-2
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2022-2023

**हाउरनार प.ह.न.00020 [ 76/2 (0.0820 हे.) ]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- श्री पंकज शर्मा,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री पंकज शर्मा पिता श्री रामअवतार शर्मा उम्र 35 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी गीदम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) मोबाईल नम्बर 9479073048 के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम के समक्ष भू-राजस्व संहिता की धारा 172 तथा 59(2) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया ग्राम हाउरनार प.ह.नं.20 रा.नि.म. गीदम तहसील गीदम में स्थित भूमि का खसरा नम्बर 76/2 रकबा 0.0820 हे. भूमि को कृषि भिन्न प्रयोजन से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन कराना चाहता है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भू-खण्ड पर किसी को आपत्ति हो तो इस कार्यालय में दिनांक 20/11/2023 तक अभिमत प्रस्तुत कर सकते हैं।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/11/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम**

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर, जिला-राजनादगांव (छ.ग.)**

**रा.प्र.क्र. 202310094500019**
**ब/121 वर्ष 2023-24**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदलाल मंडावी पिता मेहतर जाति गोंड निवासी ग्राम भालूकोन्हा तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक के पिता मेहतर पिता फागू जाति गोंड का मृत्यु दिनांक 12.10.2022 को स्थान भालूकोन्हा में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत बुढानछापर में मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदक अपने पिता मेहतर पिता फागू जाति गोंड का मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत ग्राम बुढानछापर में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत बुढ़ानछापर में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 08.12.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार**
**ला.ब.नगर (छ.ग.)**

## एक नजर

### युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 17 नवंबर।** मां मौली स्कूल के पास बुधवारी बाजार में पुराने विवाद को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी श्यामाचरण मधुकर 47 वर्ष शुक्रवारी बाजार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसका भतीजा विकाश मधुकर 23 वर्ष बुधवारी बाजार के तरफ गया था। तभी आरोपी रोहित यादव 26 वर्ष ने पुराना विवाद को लेकर प्रार्थी के भतीजा से विवाद कर चाकू से हत्या करने की नियत स हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी को धारा 307, 506 बी के तहत हिरासत में लिया है।

### घर में सो रही महिला के गले से सोने की चेन पार

**रायपुर, 17 नवंबर ।** सतनामीपारा कोटा में घर में सो रही महिला के गले से अज्ञात चोर ने सोने को माला पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया भारती पात्रे 32 वर्ष सतनामीपारा कोटा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया अपने घर में सो रही थी, तभी अज्ञात आरोपी प्रार्थिया के घर में प्रवेश कर उसके गले में पहने सोने का गेंहूदाना पत्ती माला को चोरी कर लिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 67390 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### छत्तीसगढ़ में सुबह और रात में बढ़ी ठंड

**रायपुर , 17 नवंबर।** उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के प्रभाव से अब ठंड बढ़ने लगी है। विशेषकर सुबह-सुबह और रात के वक्त ठिठुरन बढ़ने लगी है। हालांकि दिन के वक्त आंशिक रूप से बादल छाए रहने के कारण थोड़ी उमस बनी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन उसके बाद न्यूनतम तापमान में थोड़ी वृद्धि होगी। बुधवार को प्रदेश भर में अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा, यहां का न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से गुरुवार 16 नवंबर को प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। इसके चलते अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बदलाव नहीं होगा। इसके साथ ही दक्षिण पूर्व के कुछ जिलों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बादल छाए रहने से रायपुर का न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस रहा। दुर्ग का न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री और राजनांदगांव का न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन दोनों ही शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम रहा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि तापमान में अभी कोई विशेष बदलाव नहीं होगा।

### ईवीएम में आई खराबी से मतदान रुका, डेढ़ घंटे से कतार में लगे मतदाता हो रहे परेशान

**अंबिकापुर 17 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए चल रहे दूसरे चरण के मतदान के बीच कई केंद्रों से ईवीएम के खराब होने की खबरें आ रही है. अंबिकापुर के मतदान केंद्र 33 शासकीय प्राथमिक शाला भगवानपुर में ईवीएम में आई खराबी की वजह से दूसरी बार मतदान को रोकना पड़ा. ईवीएम की खराब की वजह से करीबन डेढ़ घंटे से मतदान रुका हुआ है, जिसकी वजह से कतार में लगे मतदाता परेशान हैं. अब तक चार मतदान केंद्रों में ईवीएम में खराबी की बात सामने आ चुकी है. अभनपुर के बेंद्री मतदान केंद्र के ईवीएम में तकनीकी खराबी की वजह से मतदान का काम थम गया. वहीं तखतपुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 176 में ईवीएम मशीन में आई खराब से एक भी मतदान नहीं हो सका है. सुबह से मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मशीन के ठीक होने का इंतजार करते रहे. वहीं भिलाई निगम के वार्ड-1 खम्हरिया के बूथ क्रमांक में मशीन खराब होने की वजह से मतदान शुरू नहीं हो पाया था. सुबह से करीबन सौ मतदाता कतार में खड़े थे. इसी तरह कोटा विधानसभा क्षेत्र के बेलगहना में बूथ क्रमांक 122 प्राथमिक शाला डोंगरी पारा में ईवीएम की खराबी से मतदान शुरू नहीं हो पाया था.

### वोटिंग के दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई जमकर मारपीट

**रायगढ़ 17 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण के 70 सीटों में मतदान जारी है. रायगढ़ जिले में स्थित खरसिया के कुरमा पाली में भी वोटिंग जारी है. इस बीच यहां के मतदान केंद्र क्रमांक-221 में भाजपा-कांग्रेस के बीच जमकर लड़ाई का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि कांग्रेसी मतदान केंद्र के बाहर अपने कार्यकर्ताओं को खाना पीना दे रहे थे, उसी वक्त भाजपा-कांग्रेस के बीच झड़प हो गई. मामला कोतरा रोड थाने का है. अब इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।




रायपुर 17 नवंबर। भाजपा नेता अशोक बजाज ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



एक बुजुर्ग मतदाता वोट डालने घिसटकर मतदान केन्द्र पहुचा।



उम्रदराज सरदारी लाल गुप्ता को भले ही सहारा लेना पड़ा हो किन्तु वे वोट डालने जरूर पहुंचे।



कांग्रेस नेता अशोक राज आहूजा ने अपना सारा काम छोड़कर पत्नी के साथ वोट डाला।

## पुराने मतदान केंद्रों से नाम तो कट गए पर नए में जोड़े नहीं गए

**रायपुर, 17 नवम्बर।** मतदान केंद्र बदलने की तमाम औपचारिकताएं चुनाव आयोग के नियमानुसार करने के बाद भी मतदाताओं के नाम नए मतदान केंद्र में नहीं जोड़े गए हैं। आज कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं। मतदाता जब बदले हुए मतदान केंद्र में गए तो पता चला कि उनके नाम मतदाता सूची में है ही नहीं। जबकि ऐसे मतदाता घर का पता बदलने के बाद मतदान केंद्र बदलने की सभी कार्रवाई कर चुके थे। पुराने मतदान केंद्र से उनके नाम काट तो दिए गए हैं किंतु नए मतदान केंद्र में नाम जोड़े नहीं गए हैं। ये मतदाता आज इस केंद्र से उस केंद्र भटकते रहे। अंततः वे अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाए। चुनाव आयोग के अधिकारी ने भी टरकाने वाला जवाब दिया।

राजधानी के विभिन्न मतदान केंद्रों में नवीन मतदाता सूची में नए नाम तथा वार्ड नहीं जोड़े जाने के कारण मतदाता परेशान होते रहे। मतदाताओं के अनुसार उन्होंने मोहल्ला तथा वार्ड बदलने की जानकारी बीएलओ कार्यालय को दी थी लेकिन अंतिम मतदाता सूची में नाम नहीं जोड़ा गया। वहीं निर्वाचन आयोग को शिकायत मिली है कि आज कई निजी सहकारी बैंकों तथा अन्य संस्थाओं में अवकाश नहीं दिया गया इसके कारण कर्मी मतदान नहीं कर पाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार इस समय सर्वाधिक शिकायतें मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर आ रही है। अधिकारियों के अनुसार मतदाता पुनरीक्षण के समय शिक्षाकर्मियों तथा अन्य कर्मियों की हड़ताल होने के कारण पुनरीक्षण का कार्य सही ढंग से नहीं हो पाया है। राज्य में द्वितीय चरण के विधानसभा क्षेत्रों में सूचना पर्ची का वितरण कर लिया गया है। अवितरित मतदाता सूची पर्ची के आधार पर एएसडी लिस्ट तैयार कर मतदान दलों को प्रदान कर दिया गया है। मतदान केंद्रों में मतदाताओं को पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य किया गया है। मतदाताओं को आधार कार्ड अथवा वोटर आईडी लाने पर ही मतदान करने की अनुमति दी गई। मतदान केंद्रों में चुनाव कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी की गई थी। यहां मतदाता सूची में नाम बताने के लिए शासकीय कर्मियों को भी लगाया गया था। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मतदाताओं को बूथ क्रमांक बताते रहे। राजधानी में प्रातः व्यापारी वर्ग तथा अन्य लोगों ने मतदान किया है। दोपहर पश्चात बड़ी संख्या में निचली बस्तियों में मतदान किए जाने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शिकायतों का दौर जारी है। रमन सिंह द्वारा जैकेट में कमल का चुनाव चिन्ह लगाकर लोगों से मतदान केंद्रों में मिलने की शिकायत की गई है।

## जब पोलिंग बूथ पर वोटर्स से पहले पहुंच गया अजगर, देख मतदानकर्मियों के उड़े होश

**रायपुर 17 नवंबर ।** मतदान केंद्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पोलिंग बूथ पर एक विशाल अजगर पहुंच गया। करीब 10 फीट लंबे अजगर को देखकर मतदानकर्मियों के होश उड़ गये। मामला जांजगीर चांपा के पोलिंग बूथ नंबर 61 नगरदा का है। आनन-फानन में वन विभाग को इसकी सूचना दी गयी, जिसके बाद वन टीम मौके पर पहुंची और अजगर को रेस्क्यू कर ले गयी।जानकारी के मुताबिक जहां मतदान पूर्व ईवीएम और अन्य सामान रखा हुआ था, वहीं कोने में अजगर भी बैठा था। सुबह के वक्त जब मतदानकर्मी श्वड्रूरू और अन्य सामान लेने के लिए पहुंचे, तो विशाल अजगर को देखते ही होश उड़ गये। आनन-फानन में वन विभाग की टीम को इसकी जानकारी दी गयी, जिसके बाद अजगर को वन विभाग की टीम रेस्क्यू कर अपने साथ ले गयी।



## सीएस व जनसंपर्क आयुक्त ने सपरिवार मताधिकार का किया प्रयोग

**रायपुर 17 नवंबर।** जनसंपर्क एवं परिवहन आयुक्त श्री दीपांशु काबरा ने आज सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जनसंपर्क आयुक्त श्री दीपांशु काबरा के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रचना काबरा ने भी वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

### मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सपरिवार मताधिकार का प्रयोग किया

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज देवेंद्रनगर के मतदान केंद्र पहुँच कर सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। श्री जैन के साथ उनकी धर्मपत्नी ऋतु जैन एवं सुपुत्री अदिति जैन ने भी वोट डाला। मुख्य सचिव श्री जैन ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अनुरोध किया।

अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने देवेंद्र नगर मतदान केंद्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने देवेंद्र नगर मतदान केंद्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी वोटर्स से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

### जनसंपर्क सचिव ने किया मतदान

जनसंपर्क सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने आज सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जनसंपर्क सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गार्गी परदेशी ने भी वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## सांसद विजय बघेल ने किया मतदान, बोले-बनेगी पूर्ण बहुमत की सरकार

**दुर्ग 17 नवंबर।** लोकसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के पाटन से प्रत्याशी सांसद विजय बघेल ने मतदान किया. इस दौरान उनकी पत्नी रजनी बघेल भी उनके साथ मतदान केंद्र पहुंची. विजय बघेल ने भिलाई नगर विधानसभा के सेक्टर 5 के इंग्लिश मीडियम स्कूल में मतदान किया. इस दौरान उन्होंने भाजपा की जीत का दावा किया. पाटन से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने वोट डालने के बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का दावा किया. साथ ही यह भी कहा, जनता पाटन में भ्रष्टाचार और भय की सरकार को जवाब देगी. भाजपा का घोषणा पत्र आम जनता के लिए है और जनता कांग्रेस के झूठ को बेनकाब करेगी. विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, आदि विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे.



रायपुर 17 नवंबर। स्काउट एवं गाइड के कार्यकर्ताओं ने आज बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक ले जाने में मदद की।

## दिनेश मिश्र ने आयोजित किया 65 वां नि:शुल्क नेत्र शिविर

**रायपुर 17 नवंबर।** नगर के वरिष्ठ नेत्र एवं कॉन्टेक्ट लेंस विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र द्वारा इस वर्ष भी दीवाली में पटाखों से आंखों में लगी चोटों के निःशुल्क परीक्षण एवं उपचार के लिए दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया।



यह शिविर डॉ. दिनेश मिश्र के फूल चौक स्थित रायपुर नेत्र चिकित्सालय में 12 नवंबर की शाम से 14 की रात्रि तक संचालित किया गया.इस वर्ष शिविर की अवधि एक दिन और बढ़ाई गई और शिविर 3 दिनो का अयोजित किया गया . पिछले तैतीस वर्षो से दीवाली और होली में भी खुला रहता है यह अस्पताल.सन 1991 से अब तक प्रति वर्ष दीपावली और होली में चिकित्सकों की अनुपलब्धता व मरीजों को होने वाली कठिनाईयों को देखते हुए यह शिविर लगातार 33 वें वर्ष आयोजित किया गया . पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखकर सन् 1991 में इस प्रकार के शिविर की शुरूआत की गई थी, ताकि पटाखों के कारण जलने व आंख को होने वाली चोटों के त्वरित एवं निःशुल्क उपचार की सुविधा मरीजों को प्राप्त हो सके,उसी प्रकार होली में रंगों के आँखों मे चले जाने, दुर्घटनाओं में मरीजों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए होली में भी इसी प्रकार शिविर आयोजित करने आरम्भ किया गया पिछले 33 वर्षो में दीवाली में ही करीब 3000 से अधिक ऐसे मरीजों का उपचार एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी गई उसी प्रकार होली में 1150 से अधिक मरीजों को परीक्षण और उपचार उपलब्ध कराया गया . इन शिविरों की अंचल में एक विशिष्ट पहचान बन चुकी है जिसमें रायपुर के अलावा बाहर से भी मरीज आते हैं इस वर्ष भी रायपुर के अलावा,राजनांदगांव ,पाटन, महासमुंद बालोद ,से भी दुर्घनाग्रस्त लोग आए. डॉ. दिनेश मिश्र द्वारा मरीजों के उपचार के लिए डॉ. मिश्र फाउंडेशन की भी स्थापना की गई है ,जो पिछले अनेक वर्षो से इस प्रकार मानवहित के कार्य में संलग्न है.तथा इस कार्य को विस्तारित किये जाने की योजना है।

## स्कूलों में पाठ्यक्रम अधूरे, छमाही में 70 फीसदी सिलेबस से ही सवाल

**रायपुर, 17 नवंबर ।** चुनाव कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने का असर पढ़ाई पर भी दिखने लगा है। हालात यह है कि दिसंबर में होने वाली छहमाही परीक्षा में इस बार 80त्न की जगह 70त्न पाठ्यक्रम से ही सवाल आएंगे।

दिसंबर से प्रथम सप्ताह से स्कूलों में छमाही परीक्षाएं शुरू होंगी। इसके लिए समय-सारिणी जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जारी कर दी गई है। वस्तुस्थिति पता करने के लिए विभिन्न शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों व छात्रों से बात की तो यह ज्ञात हुआ कि निर्धारित पाठ्यक्रम अब तक पूर्ण नहीं हो सका है।



इन स्थितियों में जितना पाठ्यक्रम पूर्ण हो सका है, उतने में ही परीक्षाएं ली जाएंगी। कई स्कूल छमाही परीक्षाओं के बाद अतिरिक्त कक्षाएं लगाने की भी तैयारी में हैं, ताकि वार्षिक परीक्षाओं के पर्याप्त समय पहले कोर्स पूर्ण किया जा सके और छात्रों को रिवीजन के लिए भी वक्त मिले। बोर्ड कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षा जनवरी माह में प्रारंभ होने की संभावना है। वहीं सैद्धांतिक परीक्षाएं मार्च के प्रथम सप्ताह से शुरू होंगी।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा सत्र के प्रारंभ में ही यह निर्धारित कर दिया जाता है कि माहवार प्रत्येक विषय के कितने यूनिट पूर्ण हो जाने चाहिए। इसके आधार पर ही छात्रों की परीक्षाएं ली जाती रही हैं। सामान्यतः नॉन बोर्ड कक्षाओं में छमाही परीक्षाओं में 80त्न सिलेबस से सवाल पूछे जाते रहे हैं। वहीं बोर्ड कक्षाओं में लगभग 100त्न पाठ्यक्रम से सवाल पूछे जाते हैं, ताकि बोर्ड परीक्षाओं के पूर्व ही छात्र संपूर्ण सिलेबस पर आधारित एक और परीक्षा दिला सकें और उनका अभ्यास हो सके। इस बार बोर्ड कक्षाओं में भी 20 प्रतिशत सिलेबस कम रहेगा। अर्थात दसवीं-बारहवीं के छात्रों से 80त्न पाठ्यक्रम से ही सवाल पूछे जाएंगे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23